राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 104, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 30 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

कालिंदी कुंज यमुना घाट पर अखंड निराहार महाव्रत साधक श्री दादा गुरु ने यमुना आरती व .... पेज 03

महाकुंभ 2025 : 67 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगा मेला क्षेत्र .... पेज 05

गढ़वाल ने फंटियर को 8-0 से रौंदा, हॉप्स और सिटी का मुकाबला रहा ड्रा .... पेज 07

## आंध्र प्रदेश में 2 ट्रेनें टकराईं, 6 की मौत

### विजयनगरम जिले में हादसा, तीन कोच पटरी से उतरे; 25 यात्री घायल

**एजेंसी**

अमरावती। आंध्रप्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनें टकरा गई। हादसे में 6 यात्रियों की मौत हो गई।25 यात्री घायल हैं। विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन से विशाखापत्तनम-रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन पीछे से टकरा गई। हादसा विजयनगरम जिले में अलमांडा-कंकटपल्ली के बीच हुआ। साउथ कोस्ट रेलवे जोन के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रेन 08532 विशाखापट्टनम-पलासा पैसेंजर, 08504 विशाखापत्तनम-रायगडा



पैसेंजर से टकरा गई, जिसमें 3 डिब्बे पटरी से उतर गए।

राहत और सहायता कार्य जारी वाल्टेयर मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि बचाव अभियान जारी है, सहायता और एम्बुलेंस के लिए स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ को सूचित किया गया है। दुर्घटना राहत ट्रेनें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि सीएम वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने राहत कार्य के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा है। मौके पर एम्बुलेंस और अन्य जरूरी सामान पहुंचा दिया गया है।

रेलवे ने आपात नंबर जारी किए ईस्ट कोस्ट रेलवे ने आपात नंबर जारी किए हैं। इनमें भुवनेश्वर- 0674-2301625, 2301525, 2303069 और वाल्टेयर डिवीजन- 0891-2885914 हैं।

## केरल में प्रार्थना सभा में 3 ब्लास्ट, दो लोगो की मौत

### त्रिशूर में एक शख्स ने सरेंडर किया, फेसबुक लाइव पर बम रखने का दावा



एर्नाकुलम। केरल के एर्नाकुलम में रविवार को एक कन्वेंशन सेंटर में हुए तीन धमाकों में मरने वालों की संख्या 2 हो गई है। एक महिला की सुबह मौत हुई थी, वहीं, दूसरी महिला की मौत की जानकारी शाम को आई है। इस घटना में 52 लोग घायल हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कलामासेरी में स्थित इस कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े 9 बजे के करीब 2 हजार लोग प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान 5 मिनट के अंदर लगातार तीन धमाके हुए। राज्य के एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है। उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था। आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। वहीं, केरल पुलिस ने मार्टिन द्वारा बम लगाने की पुष्टि की है। पुलिस को उसके फोन से ब्लास्ट करने के लिए इस्तेमाल किए गए रिमोट कंट्रोल के विजुअल मिले हैं। पुलिस ने बताया कि डोमिनिक ने सरेंडर करने से पहले फेसबुक लाइव किया था। उसमें उसने ब्लास्ट की बात कबूली है।

डोमिनिक ने ऐसा करने की वजह भी बताई है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर कहा है कि वो भी ईसाई धर्म के यहोवा के साक्षी समूह से संबंधित है, लेकिन उसको उनकी विचारधारा पसंद नहीं है। उन्हें वो देश के लिए खतरा मानता है क्योंकि वो लोग देश के युवाओं के दिमाग में जहर घोल रहे हैं। इसलिए उसने उनकी प्रार्थना सभा के दौरान बम ब्लास्ट किया है।

### गृह मंत्रालय में हाई-लेवल मीटिंग, एनआईए, आईबी और एनएसजी को भेजा

ब्लास्ट की खबर के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों के अफसरों के साथ हाई-लेवल मीटिंग की। शाह ने अफसरों से घटना की पूरी जानकारी ली। इसके अलावा ब्लास्ट की जांच के लिए एनआईए और आईबी की टीम को भेजने के निर्देश दिए। शाह 28 अक्टूबर से 3 दिनों के दौरे पर मध्य प्रदेश में हैं। वे मीटिंग में वर्चुअली जुड़े।

### 52 घायलों में 6 की हालत गंभीर

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 52 लोगों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 18 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। एक 6 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की हालत गंभीर है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

यहोवा विटनेसेस संस्थान के स्थानीय प्रवक्ता टीए श्रीकुमार ने कहा कि कन्वेंशन हॉल में 9: 45 बजे प्रेयर खत्म होने के बाद पहला धमाका हॉल के बीचों-बीच हुआ। कुछ सेकेंड बाद हॉल के दोनों तरफ दो और धमाके हुए। एर्नाकुलम में जहां ब्लास्ट हुआ, उसके आसपास बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं। केरल के डीजीपी शेक दरवेश साहेब ने बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक, आईईडी टिफिन बॉक्स में प्लांट कर कन्वेंशन सेंटर के अंदर रखा गया था। जांच के लिए 8 स्पेशल टीम बनाई गई है। पूरी जांच के बाद और जानकारी सामने आएगी।

### धमाकों के समय केरल के सीएम दिल्ली में धरना दे रहे थे

जिस समय केरल में धमाके हुए, उस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन दिल्ली में धरना दे रहे थे। यह धरना कम्युनिस्ट पार्टी ने गाजा पर इजराइल के हमले के विरोध में आयोजित किया है। धमाकों के बाद भी विजयन धरने में ही मौजूद रहे। हालांकि उन्होंने धमाकों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि धमाके के बाद के हालात को लेकर उन्होंने राज्य के डीजीपी से बात की है।

## राजकोट में गरबा का बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

### पीएम मोदी के लिखे 'माडी' गरबा गीत पर करीब 1.21 लाख लोगों ने किया गरबा

राजकोट। शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शनिवार की रात गुजरात के राजकोट में गरबा खेलने का विश्व रिकॉर्ड बना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिखे माडी गरबा सॉन्ग पर करीब 1.21 लाख लोगों ने एक साथ गरबा किया। इसके बाद यह कार्यक्रम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और इंडियन ट्रेडिशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने इसका सर्टिफिकेट स्वीकार किया। शहर में होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सी.आर.



पाटिल और गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी उपस्थित रहे और बॉलीवुड गायक पार्थिव गोहिल इस गरबा के लिए 1 लाख लोगों को इकट्ठा करने में अहम भूमिका निभाई।

### 2 लाख वॉट के साउंड सिस्टम पर थिरके लोग

बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष भरत बोगरा के नेतृत्व में यह भव्य कार्यक्रम रेस कोर्स मैदान में हुआ। समारोह का आयोजन शहर भाजपा, स्वनिर्भर स्कूल संचालक मंडल और इन्क्रेडिबल ग्रुप की ओर से किया गया था। करीब 5 लाख वर्ग मीटर के मैदान में 2 लाख वॉट के साउंड सिस्टम पर लाखों लोग एक साथ जमकर थिरके। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने के साथ ही इस गरबा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक संदेश देना भी था। समारोह में लोगों को ड्रग्स मुक्त राजकोट बनाने का संकल्प कराया गया। इसके साथ ही से नो टू ड्रग्स का आयोजन राज्य भर में शुरू हो गया।

## मानसिक दिव्यांग खिलाड़ियों के घर जाकर उत्साह वर्धन करें : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों एवं पैरा एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी है और स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स में भारत के लिए दो सौ से अधिक पदक जीतने वाले मानसिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए लोगों से अपील की है कि वे ऐसे प्रेरक खिलाड़ियों का भरपूर उत्साह वर्धन करें।

मोदी ने आज यहां आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 106वीं कड़ी में कहा कि त्योहारों के इस मौसम में, इस समय देश में खेलों का भी परचम लहरा रहा है। पिछले दिनों एशियाई खेलों के बाद पैरा एशियाई खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। इन खेलों में भारत ने 111 मेडल जीतकर एक नया इतिहास रच दिया है। वह पैरा एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपका ध्यान स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स की ओर भी ले जाना चाहता हूँ। इसका आयोजन बर्लिन में हुआ था। ये प्रतियोगिता हमारे मानसिक दिव्यांग एथलीटों की अद्भुत क्षमता को सामने लाती है। इस प्रतियोगिता में भारतीय दल ने 75 स्वर्ण पदकों सहित 200 पदक जीते। रोलर स्केटिंग हो, बीच वॉलीबॉल हो, फुटबॉल हो, या टेनिस, भारतीय खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगा दी।

मोदी ने इन पदक विजेताओं की जीवन यात्रा की प्रेरणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा के रणवीर सैनी ने गोल्फ में स्वर्ण पदक जीता है। बचपन से ही ऑटिज़्म से जूझ रहे रणवीर के लिए कोई भी चुनौती गोल्फ को लेकर उनके जुनून को कम नहीं कर पाई। उनकी माँ तो यहाँ तक कहती हैं कि परिवार में आज सब गोल्फर बन गए हैं। पुडुचेरी के 16 साल के टी-विशाल ने चार पदक जीते। गोवा की सिया सरोदे ने पावरलिफ्टिंग में 2 स्वर्ण पदक सहित चार पदक अपने नाम किये। 9 साल की उम्र में अपनी माँ को खोने के बाद भी उन्होंने खुद को निराश नहीं होने दिया। छत्तीसगढ़ के दुर्ग के रहने वाले अनुराग प्रसाद ने पावरलिफ्टिंग में तीन स्वर्ण और एक सिल्वर पदक जीता है। ऐसे ही प्रेरक गाथा झारखंड के इंदु प्रकाश की है, जिन्होंने साइकिलिंग में दो पदक जीते हैं। बहुत ही साधारण परिवार से आने के बावजूद, इंदु ने गरीबी को कभी अपनी सफलता के सामने दीवार नहीं बनने दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि इन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता मानसिक दिव्यांगता का मुकाबला कर रहे अन्य बच्चों और परिवारों को भी प्रेरित करेगी। मेरी आप सब से भी प्रार्थना है आपके गाँव में, आपके गाँव के अगल-बगल में, ऐसे बच्चे, जिन्होंने इस खेलकूद में हिस्सा लिया है या विजयी हुए हैं, आप सपरिवार उनके साथ जाइए।

## सभी वर्गों की समुचित भागीदारी के लिए जातियों की आबादी जानना जरूरी : राहुल

राजनांदगांव(छत्तीसगढ़)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना को लेकर मोदी सरकार को फिर घेरते हुए आज कहा कि सभी वर्गों की हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जातियों की आबादी जानना जरूरी हैं।

गांधी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य बीमा की राशि को पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रूपए करने तथा भूमिहीन श्रमिकों को प्रति वर्ष सात हजार से बढ़ाकर न्याय योजना के तहत 10 हजार रूपए रूपए देने का वादा



करते हुए कहा कि देश में जाति की हम बात करते हैं लेकिन कोई नही जानता कि कौन सी जाति की कितनी आबादी है। हम अगर सभी की भागीदारी की बात करते हैं तो यह जानना पड़ेगा कि किसकी कितनी आबादी है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 घंटे घंटे ओबीसी ओबीसी की बात करते रहते हैं लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नही बोलते। भाजपा के लोग कहते है कि इसकी क्या जरूरत है। वह फिर भाजपा के ओबीसी सांसदों की बात करने लगते है। उन्होने कहा कि सांसद,मंत्री सरकार नही चलाते बल्कि देश को 90 सिग्ररेटी चलाते हैं जिसमें ओबीसी तीन,आदिवासी तीन हैं,क्या इनकी इतनी ही आबादी है। उन्होने कहा कि देश के बजट का महज पांच प्रतिशत ओबीसी,एक प्रतिशत दलित तथा 0.1 प्रतिशत आदिवासी सिग्ररेटी निर्धारण करते है। इस असमानता को दूर करना जरूरी है।





मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पश्चिम बंगाल से 'अमृत कलश यात्रा' प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा।

## श्रीनगर में आतंकी हमला, पुलिस इंस्पेक्टर शहीद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को ईदगाह इलाके में आतंकी हमले में एक पुलिस इंस्पेक्टर शहीद हो गया। उनकी पहचान मसरूर अली वानी के रूप में हुई है। मसरूर येचिपोरा ईदगाह इलाके के रहने वाले थे। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमला उस समय हुआ, जब मसरूर वानी स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। मसरूर को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हमले के बाद से ईदगाह इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उधर, कुपवाड़ा जिले में सेना ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान एक आतंकी को मार गिराया।

## दिल्ली की हवा सबसे प्रदूषित

### एक्यूआई रहा 325; एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की वायु सबसे जहरीली

**एजेंसी**

नई दिल्ली । राजधानी में रविवार के दिन इस सीजन की सबसे प्रदूषित हवा रही। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 325 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई रहा। वहीं, शनिवार के मुकाबले 21 सूचकांक में बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले 22 अक्तूबर को एक्यूआई 313 दर्ज किया गया था। यह तीसरी बार है जब दिल्ली का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है।

जहांगीरपुरी और नेहरु नगर में वायु सूचकांक औसतन 400 के पार दर्ज किया गया, यह गंभीर श्रेणी में है। वहीं, 22 इलाकों में हवा बेहद खराब और सात इलाकों में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

साथ ही, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा में सर्वाधिक हवा प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 344 दर्ज किया गया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। कमोबेश यही स्थिति पूरे सप्ताह तक बनी रहने का अनुमान है।

विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम में बदलाव और हवा की गति कम होने और हवा में पराली का धुआं घुलने से दीपावली से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। बता दें दिल्ली में ग्रैप का दूसरा चरण लागू है। अगर इसी



तरह की स्थिति बनी रहती है, तो ग्रैप का तीसरा चरण लागू किया जा सकता है।

### जहांगीरपुरी व नेहरू नगर में सबसे अधिक प्रदूषित

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में रविवार को 22 इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इसमें जहांगीरपुरी व नेहरु नगर का एक्यूआई सर्वाधिक दर्ज किया गया।

यहां वायु सूचकांक 412 व 403 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, मुंडका में 392, न्यू मोती बाग में 375, नरेला में 370, द्वारका सेक्टर-8 में 358, बुराड़ी क्रॉसिंग में 334, विवेक विहार में 337, पंजाबी बाग में 339, आईजीआई एयरपोर्ट में 338, नॉर्थ कैंपस में 351,आरके पुरम में 341 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं, आईटीओ में 294, दिलशाद गार्डन में 210, लोधी रोड में 237 समेत 7 इलाकों में हवा खराब रही।

### पूरे सप्ताह सताएगी प्रदूषित हवा

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवा दक्षिण-पूर्वी से उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। सोमवार को हवा विभिन्न दिशाओं से चलने का अनुमान है।

इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वहीं, सुबह के समय हल्की धुंध छाए रहने की आशंका है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। वहीं, मंगलवार को हवा दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर से चलेगी।

सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 344 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, फरीदाबाद में 309, गाजियाबाद में 286, नोएडा में 281 व गुरुग्राम में 198 एक्यूआई दर्ज किया गया।

**मराठा आरक्षण**


### शिवसेना सांसद ने इस्तीफा दिया; एनसीपी शरद गुट ने विशेष सत्र की मांग की

## मराठा आरक्षण की मांग, 11 दिन में 13 लोगो ने किया सुसाइड

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर रविवार (29 अक्टूबर) को एक अन्य युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बीड जिले के परली तालुका के रहने वाले गंगाभीषण रामराव के रूप में हुई है। यह जिले में पिछले दो दिनों में आत्महत्या की दूसरी घटना है। वहीं, राज्य में 11 दिनों में 13 लोग सुसाइड कर चुके हैं।

इससे पहले, शनिवार (28 अक्टूबर) को एक पंचायत सदस्य ने खुदकुशी की थी। मरने वाले का नाम महेश कदम था। वह अहमदनगर की ढालेगांव तहसील का रहने वाला था।

इधर, एनसीपी शरद गुट के





महाराष्ट्र अध्यक्ष जयंत पाटील, सांसद सुप्रिया सुले और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने मराठा आरक्षण को लेकर राज्यपाल रमेश बैस से राजभवन में मुलाकात की है। उन्होंने इसे लेकर राज्यपाल से विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

वहीं, मराठा आरक्षण के समर्थन में हिंगोली के शिवसेना शिंदे गुट के सांसद हेमंत पाटिल ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इस्तीफा अभी लोकसभा अध्यक्ष तक नहीं पहुंचा है, लेकिन इस्तीफे का लेटर वायरल हो रहा है।

### लातूर में पानी की टंकी पर चढ़ी 9 महिलाएं

लातूर शहर में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 9 महिलाएं गांधी चौक स्थित 70 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गईं। पुलिस और जिले के अन्य अधिकारियों ने उन्हें नीचे आने की अपील की। लेकिन उन्होंने नीचे आने से इनकार कर दिया।

वहीं, मराठा क्रांति मोर्चा के सदस्यों ने मराठा आरक्षण एक्टिविस्ट मनोज जारांगे की अपील पर शहर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरक्षण मिलने तक वे लड़ाई जारी रखेंगे लेकिन आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाएंगे।

### दो दिन पहले 2 लोगों ने आत्महत्या की थी

दो दिन पहले 27 अक्टूबर को 2 और लोगों ने खुदकुशी की थी। पुलिस ने बताया था कि बीड़ जिले के शत्रुघ्न काशिद और उस्मानाबाद जिले के बलिराम देवीदास साबले ने आत्महत्या की।

वहीं, मराठा आरक्षण के नेता मनोज जारांगे ने 27 अक्टूबर को कहा था कि राज्य सरकार आरक्षण के विरोध में हैं। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग लंबे समय से की जा रही है।

शिंदे सरकार ने 7 सितंबर को मराठा आरक्षण पर एक कमेटी बनाई, जिसे रिटायर्ड जज संदीप शिंदे लीड कर रहे हैं। कमेटी को रिपोर्ट जमा करने की डेडलाइन बढ़ाकर 24 दिसंबर कर दी गई है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 30 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# दिल्ली से वाया नोएडा एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी में एनएचएआई

## एनएचएआई ने डीएम और तीनों प्राधिकरण अधिकारियों के साथ की बैठक

▸ दिल्ली मेरठ रोड की तर्ज पर एक्सप्रेसवे बनाने पर विचार किया गया। अत- में तय हुआ कि एक्सप्रेसवे व एलिवेटिड रोड आदि को लेकर एक फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार कराई जाए।

ग्रेटर नोएडा। दिल्ली से नोएडा और ग्रेटर नोएडा होते हुए जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के अलावा वैकल्पिक मार्ग की योजना पर काम शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव और जाम को देखते हुए इस नए मार्ग की परिकल्पना की जा रही है। जिससे भविष्य में जब नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी जाए तो लोग जाम के झाम में न फंसे। इसके लिए दिल्ली स्थित एनएचएआई कार्यालय में बैठक हुई और इसमें एक्सप्रेसवे के अलावा एलिवेटिड रोड पर भी चर्चा की गई है। इसके लिए फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार की जाएगी और सभी विकल्पों पर गहनता से अध्ययन किया जाएगा।

दरअसल, जेवर में निर्माणाधीन नोएडा एयरपोर्ट तक दिल्ली से सुगम मार्ग सुविधा देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने चहलकदमी करनी शुरू कर दी है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लगातार वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में नोएडा एयरपोर्ट के शुरू होने पर यह समस्या और विकराल रूप धारण करेगी। इससे पहले ही इस समस्या का शासन-प्रशासन ने समाधान तलाशना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बैठक की। इसमें गौतमबुद्ध नगर डीएम मनीष कुमार वर्मा, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रविकुमार एनजी, यमुना प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने दिल्ली से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने और ईस्टन पेरीफेरल को नोएडा-ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्ट करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा। इसमें सबसे अहम मुद्दा दिल्ली से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने का रहा। कई अधिकारियों ने कहा कि एक नया एक्सप्रेसवे बनाया जाए तो कुछ अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे बनाने में जमीन को लेकर अड़चन आएगी, इसलिए एलिवेटिड रोड बनाया जाए। इसके अलावा मेरठ-दिल्ली मेरठ रोड की तर्ज पर एक्सप्रेसवे बनाने पर विचार किया गया। अत- में तय हुआ कि एक्सप्रेसवे व एलिवेटिड रोड आदि को लेकर एक फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार कराई जाए।

# ओडिशा मेट्रो रेल परियोजना चार साल में होगी पूरी

भुवनेश्वर। ओडिशा में भुवनेश्वर और कटक को जोड़ने वाली मेट्रो रेल परियोजना की नींव आगामी एक जनवरी को रखी जाएगी और यह चार साल में पूरी हो जाएगी।
5टी के अध्यक्ष वीके पांडियन ने अधिकारियों से परियोजना को चार साल की निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने निर्देश किया है।
उन्होंने कहा कि त्रिसुलिया भुवनेश्वर और कटक की सेवा के लिए एक प्रमुख परिवहन केंद्र के रूप में उभरेगा। मेट्रो रेल परियोजना का पहला चरण भुवनेश्वर हवाई अड्डे को कटक में त्रिसुलिया स्क्वायर से जोड़ेगा।
मेट्रो रेल परियोजना की घोषणा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एक अप्रैल, 2023 को उत्कल दिवस पर की थी और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को पहले ही ओडिशा सरकार द्वारा मंजूरी दे दी गई है।
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से भुवनेश्वर, खोरधा, पुरी और कटक शहरों के अन्य क्षेत्रों में मेट्रो रेल सेवा का विस्तार करने वाला एक मास्टर प्लान विकसित किया जा रहा है।
त्रिसुलिया चौराहे पर एक नया बस स्टैंड बनाया जा रहा है, जिसे आगे विस्तारित किया जाएगा और मेट्रो स्टेशन के साथ एकीकृत किया जाएगा।
पांडियन ने अधिकारियों से परियोजना की आधारशिला से पहले तैयारी का काम समय पर पूरा करने को कहा।
उन्होंने कहा कि परियोजना के समय पर पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए 5टी के सिद्धांतों का पालन करते हुए परियोजना कार्य की बहुत बारीकी से निगरानी की जानी चाहिए।
5टी चेयरमैन ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि यात्रियों की निर्बाध आवाजाही के लिए परिवहन के अन्य साधनों को मेट्रो रेल स्टॉपेज के साथ जोड़ा जाए।

# शार्ट न्यूज

## राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ का अनिश्चितकालीन प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी

शिमला। राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ गत 25 अक्टूबर से यहां अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा है जो रविवार को भी जारी रहा। दृष्टिहीन संघ ने सचिवालय का घेराव किया, लेकिन बात न बनने पर अब ये लोग कालीबाड़ी के समीप धरने पर बैठ गए हैं। संघ ने सरकार को चेताया है कि अगर उनकी मांगे न मानी गई तो तीन दिसंबर को शिमला में सचिवालय का घेराव किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से लोग शामिल होंगे। राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संघ के प्रदेश महासचिव देवाचंद्र नेगी ने बताया कि बैकलॉग भर्ती में खामियां हैं, जिसके चलते सभी को नौकरी मिलने में काफी समय लग जाएगा। ऐसे में कई लोगों की आयु सीमा पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह 2008 में भर्ती मेले को लगाया गया था वैसे अब भी मेले का आयोजन किया जाए। सोमवार को फिर उनकी निदेशक समाज कल्याण से बातचीत होगी। उन्होंने बताया कि अगर सरकार उनकी बात नहीं मानती है तो तीन दिसंबर को शिमला में प्रदेश भर से उनके संगठन से जुड़े लोग सचिवालय का घेराव करेंगे। उनका यह आंदोलन आमरण अनशन की ओर बढ़ेगा।

## एक भारत,श्रेष्ठ भारत की खुशबू बिखेरिगी अमृत वाटिका : अर्जुन मुंडा

रांची। झारखंड में आज रांची रेलवे स्टेशन का वातावरण भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मौका था गांव गांव से अमृत कलश में संग्रहित पवित्र मिट्टी का नई दिल्ली केलिए रवाना होना। स्पेशल ट्रेन से आज सभी प्रखंडों से लाए गए 312कलश को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय ,सांसद संजय सेठ,विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल,समरी लाल ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। हाथ में तिरंगा लिए,गाजे बाजे के साथ बैंड बाजा पर बजते राष्ट्र भक्ति गीत के बीच 641स्वयंसेवक नई दिल्ली केलिए रवाना हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में नई दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका का निर्माण भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूती प्रदान करेगी।कहा कि भारत के गांव गांव की मिट्टी अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी।उन्होंने कलश लेकर नई दिल्ली जाने वाले पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष एवम सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

## एक भारत ,श्रेष्ठ भारत का गीत है मन की बात

रांची। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 1आज 06वां एपिसोड संपन्न हुआ। भाजपा के जन प्रतिनिधियों,पदाधिकारियों ने अपने बूथों पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना।प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज रांची स्थित हरमू मंडल के विद्या नगर में कार्यक्रम में शामिल होकर मन की बात को सुना। मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री के संबोधन के रूप में एक, भारत श्रेष्ठ का गीत है। उन्होंने कहा कि मन की बात का हर एपिसोड अनूठा होता है,जानकारियों से भरा होता है। मरांडी ने कहा कि आज के संबोधन में प्रकृति और संस्कृति की चर्चा के साथ भगवान बिरसा मुंडा की अमर गाथा भी शामिल हुई जो झारखंड के निवासियों को गौरवान्वित करती है। प्रदेश कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि यह संस्करण राष्ट्र की प्रगति,नारी शक्ति और मीरा बाई की भक्ति से परिपूर्ण है। इसमें स्वच्छता भी है,प्रकृति भी है और संस्कृति भी है।उन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों के युवा शक्ति को आत्म निर्भर भारत केलिए बढ़ चढ़कर आगे आने का आह्वान किया।

## शिक्षा विभाग के समन्वय से झारखंड में लाखों युवाओं के मतदाता पंजीकरण का प्रयास

रांची। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के विशेष प्रयासों से झारखंड में नए/युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए अनूठी पहल की गई है। झारखंड के स्कूलों में कक्षा 11वीं व 12वीं में अध्यनरत ऐसे छात्र-छात्राओं जिनकी आयु 17 वर्ष से 18 वर्ष के बीच है, उन्हें भावी मतदाताओं के रूप में चिन्हित कर उनके अग्रिम प्रीफिल्ड फॉर्म-6 भरवाये जा रहे हैं। ई-विद्या वाहिनी पोर्टल की मदद से निकाले गए इस प्रकार के आंकड़ों से 9.4 लाख भावी मतदाताओं को चिन्हित कर उनके जिलावार आंकड़े जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के पास भेजे गए हैं। यदि यह मॉडल सफल रहा तो लाखों नए मतदाता आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस पहल को मूर्त रूप देने के लिए शिक्षा विभाग तथा निर्वाचन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो इसको लेकर शनिवार अपराह्न में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों व उप निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अगले तीन दिन सघन अभियान चलाएं तथा राज्य के भावी मतदाताओं के अग्रिम फॉर्म जमा करवाने की सभी औपचारिकताएं पूरी करवा लें।

## शिवराज ने अपनी सरकार में जनता को केवल गुमराह किया : कमलनाथ

रायसेन/विदिशा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला करते हुए आज कहा कि इनकी लगभग अठ्ठारह वर्ष की सरकार में प्रदेश की जनता को केवल गुमराह करने का प्रयास किया गया। कमलनाथ ने रायसेन और विदिशा जिले के कुरवाई में दो चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चौहान ने 18 साल में केवल जनता को गुमराह करने का काम किया। पुलिस, पैसा और प्रशासन की दम पर ये 18 साल से सरकार चला रहे है। उन्होंने कहा कि चौहान को चुनाव के समय पर नौजवान याद आ रहे है, बहने याद आ रही है, कर्मचारी याद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे नौजवानों से कहना चाहते हैं कि आप इनकी झूठी घोषणाओं को जरूर याद रखिएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आपसे बस इतना ही कहना चाहते हैं कि चुनाव के लिए 20 दिन बचे हैं और आपको इन 20 दिनों में चिंतन करने की आवश्यकता है, आपको तय करना है कि आप आगे आने वाली पीढ़ी को किस तरह का प्रदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के नौजवानों का भविष्य दाव पर लगा है। उसकी चिंता इस सरकार को नहीं है। हमारी सरकार आने पर हम फिर से किसानों का कर्ज माफ़ करने का काम करेंगे। हम स्कूल की शिक्षा कों पूरी तरह से मुफ्त करने और स्कूल के बच्चों को आर्थिक मदद करने का काम करेंगे।

# सर्वे कर रहे हैं भाजपा की प्रचंड जीत का इशारा-दिया

**जयपुर।** राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में जयपुर के विद्याधरनगर क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार एवं सांसद दिया कुमारी ने इन चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा है कि चुनाव को लेकर अब तक हुए सभी सर्वे भी भाजपा की जीत की और इशारा कर रहे हैं। दिया कुमारी रविवार को अपने चुनाव क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर अब तक जितने भी ओपीनियन पोल आये हैं, उन सभी में भाजपा की जीत बताई गई है। उन्होंने कहा कि विद्याधरनगर से भी कमल का फूल खिलाना है ताकि विद्याधर का चौतरफा विकास सुनश्चित हो सके। उन्होंने क्षेत्र के खातीपुरा मंडल के वार्ड संख्या 40 में श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जयपुर पश्चिम द्वारा महाराज अजमीढ़ की जयंती पर आयोजित समारोह में अजमीढ़ महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## सारण में दो बच्ची समेत तीन की डूबने से मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल और रिविलगंज थाना क्षेत्र में रविवार को पानी में डूब कर दो बच्ची को सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बुढ़िया माई मंदिर के समीप पानी भरे गड्ढे में गिर कर बनियापुर थाना क्षेत्र के धोबवल गांव निवासी विनोद प्रसाद की पुत्री नेहा (4) और स्नेहा (2) की मौत हो गई है। वहीं, दूसरी घटना में रिविलगंज थाना क्षेत्र के नवादा गांव में कुएं में गिर कर गांव निवासी अखिलेश कुमार सिंह के पुत्र राजू कुमार सिंह (42) की मौत हो गई है।

# बेची हुई जमीन का मुआवजा उठाने वाले से होगी सवा करोड़ की वसूली

## तुस्याना गांव में जमीन बेचने के बाद दाखिला खारिज कराने से पहले ही उठा लिया मुआवजा

ग्रेटर नोएडा। तुस्याना गांव में बेची हुई जमीन का मुआवजा उठाने के मामले में आरोपी से सवाल करोड़ की वसूली होगी। अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यास्ति की ओर से राजेंद्र सिंह को 1.27 करोड़ की वूसली का नोटिस जारी किया है। राशि एडीएम के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। अहम है कि हाल ही में तुस्याना गांव के एवज में आवंटित हुई छह फीसदी भूखंडों को निरस्त करने के शासन ने निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि तुस्याना गांव में राजेंद्र सिंह ने रवि अग्रवाल को जमीन बेची थी। जमीन का दाखिल खारिज नहीं हो पाया था। इसके चलते जमीन राजेंद्र सिंह के नाम ही रही। उसने उक्त भूमि के मुआवजे के रूप में 1.27 करोड़ रुपये ले लिए। रवि अग्रवाल इस मामले को लेकर वर्ष 2002 में अदालत चले गए थे और अब कोर्ट ने इस मामले में फैसला उनके पक्ष में करते हुए प्रशासन को मुआवजा देने का आदेश दिया है। इसके बाद अपर जिलाधिकारी बलराम सिंह की ओर से उक्त प्रकरण में राजेंद्र सिंह से उक्त राजस्व की वसूली का नोटिस जारी किया गया है।

# गलगोटियास विवि में विश्व पर्यावरण शिखर सम्मेलन होगा

## गौतम बुद्ध नगर में देश विदेश के शिक्षाविद, वैज्ञानिक, चिकित्सक होंगे शामिल

गौतम बुद्ध नगर। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के समर्थन में गलगोटियास विश्वविद्यालय और पर्यावरण और सामाजिक विकास संघ (ईएसडीए इंडिया) दिल्ली संयुक्त रूप से चौथे विश्व पर्यावरण शिखर सम्मेलन 2023 (सम्मेलन पुरस्कार प्रदर्शनी) का आयोजन करने जा रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा, जिसमें देश विदेश से वक्ता शामिल होंगे।



इस विशाल अधिवेशन की की सबसे बड़ी विशेष बात ये है कि इसमें सीएसआईआर-एनईईआरआई, डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, कोलकाता, एमओईएफ एंड सीसी, भारत सरकार, जीआरसी इंडिया, एमएसएमईसीसीआईआई के साथ सहयोग और विला कॉलेज मालदीव, त्रिभुवन विश्वविद्यालय और काठमांडू, नेपाल के साथ विदेशी साझेदारी में 4-6 नवंबर 2023 को (4 और 5 नवंबर को हाइब्रिड मोड द्वारा) और (6 नवंबर को ऑनलाइन मोड द्वारा) गलगोटियास यूनिवर्सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश (भारत) के साथ जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ बांग्लादेश भी शामिल हैं। इस सम्मेलन में दुनियाभर के शिक्षाविद, वैज्ञानिक, चिकित्सक, नीति निर्माक, शोधकर्ता, पर्यावरणवादी, शिक्षाविद, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, सिविल सोसायटी, औद्योगिक जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और छात्रों के बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद हैं। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. के. मल्लिकार्जुन बाबू ने कहा कि वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगिकी से उत्पन्न वैशिष्ट्य ग्रोथ के परिपरिणामस्वरूप बढ़ती वैशिष्ट्य ग्रोथ, वातावरण प्रदूषण, और जलवायु परिवर्तन जैसी वैशिष्ट्य ग्रोथ से उत्पन्न होने वाली वैशिष्ट्य समस्याओं को तेजी से समाधान की आवश्यकता है।

### सहयोग को बढ़ावा देने का लक्ष्य

2030 के लिए संवर्द्धनशील विकास और पैरिस समझौता ने उद्देश्यों को निर्धारित किया है, लेकिन प्रगति सीमित रह गई है।
विश्व पर्यावरण सम्मेलन मिलन 2023 इन समस्याओं का समाधान करने के लिए हिस्सेदारों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गलगोटियास विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ऑपरेशन आराधना गलगोटिया ने कहा कि चार महाद्वीपों के प्रतिनिधियों और 22 भारतीय राज्यों से सक्रिय प्रतिभागी जुटे हुए हैं। कुल प्रतिभागी गणना 600 से अधिक हो चुकी हैं, जिससे यह भारत के पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किए गए, एक सबसे बड़े संगठन में से एक बन गया है।

# सरकारी दफ्तरों में जींस, टी-शर्ट पहनने पर रोक, आदेश न मानने पर कार्रवाई

शिमला। हिमाचल प्रदेश सचिवालय समेत सरकारी दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी अगर जीन, टी-शर्ट या अन्य गैर फॉर्मल कपड़े पहनकर आए तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। प्रदेश उच्च न्यायालय और अन्य अदालतों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों को फॉर्मल ड्रेस पहनकर ही जाना होगा।
इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी पहन कर ही कार्यालय में आना होगा। प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन भरत खेड़ा ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 में इस संबंध में निर्देश जारी किए थे। उसके बाद कार्मिक विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश तैयार कर जारी किए थे, जिसमें ड्रेस कोड के बारे में जानकारी दी थी। इसमें स्पष्ट किया था कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारी उपयुक्त, औपचारिक, साफ और अच्छे दिखने वाले और सही रंग के कपड़े पहनकर ही सरकारी दफ्तर में आएंगे। वे उच्च न्यायालय या अन्य अदालतों में उपस्थित होते हुए भी फॉर्मल और सही तरीके के कपड़े पहनेंगे।
इस सर्कुलर के अनुसार हालांकि यह ध्यान में आया है कि इन निर्देशों की ठीक से अनुपालना नहीं की जा रही है। यही नहीं, प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी सही कपड़ों में नहीं पहुंच रहे हैं। उनके लिए पहले से ही वर्दी तय है। अधिकारियों और कर्मचारियों के कपड़े पहनने का अंदाज कार्यालय की व्यावसायिकता, गंभीरता और अनुशासन की शैली को भी प्रदर्शित करता है। ऐसे में राज्य सचिवालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी इन निर्देशों की अनुपालना करें।

# केंद्र के दम पर ही राज्य में राहत पैकेज बांट पा रही है सुक्खू सरकार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रविवार को दावा किया कि सुक्खू सरकार केंद्र के द्वारा दी गई मदद के दम पर प्रदेश में आपदा का राहत पैकेज बांट रही है। ऐसे में यह कहना सरासर झूठ है कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को कोई मदद नहीं दी।

ठाकुर ने मंडी के सर्किट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के उपरांत मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में यह दावा किया। उन्होंने कहा कि जो आपदा राहत पैकेज घोषित किया गया है उसमें केंद्र की तरफ से सबसे पहले दिए गए 364 करोड़, बाद में दिए गए 190 करोड़, एनडीआरएफ के तहत दिए गए 200 करोड़, मनरेगा के तहत दिए गए एक हजार करोड़ और साढ़े छह हजार मकान शामिल हैं। इतना कुछ मिलने के बाद भी यह कहा जा रहा है कि केंद्र की तरफ से कुछ नहीं दिया गया। मदद के लिए मांग की जा सकती है लेकिन जो मिला उसके लिए कम से कम केंद्र सरकार का आभार जता दें तो बेहतर रहेगा।

ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की चार नगर निगम सरकार की नाकामी के कारण मेयर और डिप्टी मेयर के बीना चल रही हैं।

# यमुना-एक्सप्रेसवे पर हादसे में घायल 8वें बच्चों की भी मौत

## 20 अक्टूबर की रात भीषण हादसा हुआ था, दिल्ली से झारखंड जाते वक्त हादसा हुआ

जेवर। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे पर करीब 8 दिन पहले ईको कार का भीषण हादसा हुआ था। इस दौरान पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल थेम करीब 3 दिन पहले दो बच्चों की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि तीसरे घायल बच्चे की शनिवार को इलाज के दौरान दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई है। हालंकि पुलिस अभी तक यह पता नहीं चल पाई है कि हादसा किस वाहन की वजह से हुआ है।
20 अक्टूबर की रात मूलरूप से झारखंड निवासी उपेंद्र अपने परिवार के आठ लोगों के साथ ईको कार में सवार होकर दिल्ली से अपने गांव यमुना एक्सप्रेस से होते हुए जा रहे थे। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में उनकी कार का भीषण हादसा हो गया था। इस हादसे में उपेंद्र, बिजेंद्र, कांति, ज्योति और सुरेश की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि आयुष आर्यन और सूरज नाम के बच्चे घायल हो गए थे। जिसमें तीन दिन पहले आर्यन और सूरज की इलाज के दौरान दिल्ली के अस्पताल में मौत हो चुकी है।




जबकि आयुष की शनिवार को मौत हो गई है। पुलिस का कहना है कि इस घटना का अब कोई भी चश्मदीद गवाह नहीं बचा है। घटना से करीब 7 मिनट पहले कार की गति 119 किमी प्रति घंटे एक्सप्रेसवे के कैमरे में कैद हुई थी।
जिसका ऑनलाइन चालान भी हुआ था। रबूपुरा पुलिस अभी तक यह भी पता नहीं चल पाई है कि यह घटना ओवर स्पीड की वजह से हुई है। या फिर किसी अन्य वाहन की टक्कर से हुई है।

### पुलिस एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी

पुलिस पिछले 8 दिनों से एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी हुई है। रबूपुरा कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार का कहना है कि इस भीषण हादसे के 8 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# खट्टर ने की ग्रुप डी भर्ती अगले माह तक पूरा करने की घोषणा

सिरसा। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि ग्रुप डी की भर्ती का कार्य अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा और राज्य सरकार युवाओं को जल्द ही नौकरी देने का कार्य करेगी।
खट्टर ने कहा कि 21 अक्टूबर को ली गई परीक्षा का परिणाम एक माह में तैयार हो जाएगा जिसके तुरंत बाद भर्ती कर ली जाएगी। इस भर्ती हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन का कोई रोल नहीं रहेगा।
उन्होंने कहा कि सिरसा में बनने वाले मेडीकल कॉलेज का नाम सिरसा के संस्थापक संत सरसाईनाथ के नाम होगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण की मंजूरी सरकार द्वारा दी जा चुकी है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।
खट्टर आज यहां लोक निर्माण विश्राम ग्रह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसके बाद सिरसा के पत्रकारों ने पेंशन बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री का शॉल भेंट कर आभार व्यक्त किया।
इससे पहले मुख्यमंत्री सिरसा के गांव सिकंदरपुर स्थित डेरा ब्यास में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने साध संगत के साथ बैठकर महाराज गुरविंद्र सिंह ढिल्लों की



शब्दवाणी सुनी। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने महाराज गुरविंदर सिंह ढिल्लो को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद खट्टर सिरसा के नागरिक अस्पताल में बने नशा मुक्ति केंद्र पहुँचे और वहां भर्ती युवकों से मुलाकात की। इस मौके पर नशा मुक्ति को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि नशे के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाकर दोषियों पर कानूनी कारवाई की जाए ताकि नशा को जड़मूल से खत्म किया जा सके।
इसके बाद मुख्यमंत्री ने थेहड़ मौहल्ला से हाउसिंग बोर्ड में विस्थापित 750 से अधिक परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा की कोर्ट के आदेशों के अनुसार जिन परिवारों को पुरातत्व विभाग की जमीन से हाउसिंग बोर्ड के फ्लैटो में अस्थाई तौर पर बसाया गया था उन्हें जल्द ही सलारपुर गांव में जमीन खरीदकर 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे।
खट्टर ने सिरसा अनाज मंडी का निरीक्षण कर फसल खरीद की समीक्षा की ओर किसानों व व्यापारियों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने मंडी में नया सीवरेज सिस्टम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी मंडियों में मरम्मत के कार्य मार्किट कमेटी द्वारा किये जायेंगे, जिसके लिये मंडी दुकानदारों को निर्धारित वार्षिक शुल्क देना होगा।

# हिमाचल के गांव में खुले में शराब पीने पर आता है नोटिस, लगती है पेशियां

मंडी। हिमाचल के मंडी जिले के बल्ह विकास खंड के तहत आने वाली ग्राम पंचायत लुहाखर में किसी भी शराबी की हिम्मत नहीं होती कि वह खुले में शराब का सेवन कर सके। मौजूदा पंचायत प्रधान टेक चंद ठाकुर ने यहां पर खुले में शराब पीने को लेकर इतनी सख्ती बरत रखी है कि लोग खुले में शराब पीने का ख्वाब देखना भी भूल गए हैं।

पंचायत प्रधान बनने से पहले ही एक युवा के नाते टेक चंद ठाकुर को यह बात बहुत अखरती थी, कि पंचायत की छोटी-छोटी दुकानों और ढाबों में शाम ढलते ही शराबियों की महफिल सज जाती थी।

जैसे ही श्री ठाकुर को पंचायत प्रधान पद पर चुना गया तो उन्होंने सबसे पहले अपनी पंचायत में इस कुरीति को दूर करने की ठानी। इस कार्य के लिए पंचायत की महिलाओं और अन्य बुद्धिजीवीयों का भरपूर सहयोग मिला। जगह-जगह छापे मारे गए और खुले में शराब पीने वालों को नोटिस जारी करके पंचायत में पेशियां लगाई गई।

नतीजा यह निकला कि आज इस पंचायत में खुले में कोई भी शराब पीने की सोचता भी नहीं है।

युवा प्रधान ठाकुर ने बताया कि वे भावी पीढ़ी को इस कुरीति से दूर रखने की कोशिश कर रहे हैं। उसी कड़ी में यह प्रयास किया जा रहा है।

# शार्ट न्यूज

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा

मोदीनगर। मोदीनगर में भोजपुर पुलिस और स्वाट टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 5 बाइक व एक स्कूटी बरामद की है। पकड़ा गया बदमाश अपने साथियों के साथ एनसीआर से वाहन चोरी करके गांव कलछीना में बंद पड़े मकान में जमा करते थे। वह वाहनों को काटकर उसके अलग-अलग पार्टस करके बेचा करते थे। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि अंतरराज्यीय वाहन गिरोह का एक बदमाश गांव कलछीना में आ रहा है। जहां पर उसने चोरी के वाहन छिपा रखे है। सूचना मिलते ही स्वाट टीम व भोजपुर पुलिस को चैकिंग अभियान पर लगाया गया। पुलिस ने गांव कलछीना के पास चेकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम सुल्तान निवासी लछीना बताया। पुलिस पूछताछ में बदमाश सुल्तान ने बताया कि वह अपने साथी शिवम व सुशांत निवासी दिल्ली के साथ मिलकर दिल्ली ,साहिबाबाद ,गाजियाबाद ,नोएड़ा सहित पूरे एनसीआर में वाहन चोरी करता था। वाहन चोरी करके वह गांव कलछीना में बंद पड़े मकान में वाहनों को छिपा देता था। इसके बाद चोरी किए गए वाहनों को पार्टस व पुर्जे अलग करके बेच देते थे।

## छात्र ने नस काट छत से कूदकर दी जान

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में रविवार को तेलंगाना के छात्र ने पहले चाकू से हाथ की नस काटी और फिर छत से कूदकर जान दे दी। वो तेलंगाना का रहने वाला था और गाजियाबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। उसने ऐसा क्यों किया, ये अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। पुलिस ने बताया, मृतक की पहचान 21 वर्षीय जिमका नंदू के रूप में हुई। वो मूल रूप से तेलंगाना में निजामाबाद का रहने वाला था और गाजियाबाद में मसूरी थाना क्षेत्र के आकाशनगर स्थित गार्डन एन्क्लेव में मकान नंबर ए-131 में किराए पर रहता था। छात्र के कमरे से खून सना चाकू मिला है। संभवत-इसी से उसने पहले हाथ की कलाई काटी और फिर वो पहली मंजिल से कूद गया। आसपास के लोग उसे नजदीकि अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया, कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कमरे में सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। मकान मालिक से भी पूछताछ की गई है, उन्हें भी इस घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया, छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## इंटरनेट पर बेची जा रही देवताओं की आपत्तिजनक तस्वीरों पर पुलिस को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग ने इंटरनेट पर बेची जा रहीं हिंदू देवी-देवताओं की आपत्तिजनक तस्वीरों के संबंध में एक शिकायत पर पुलिस को नोटिस जारी कर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, आयोग को शिकायतकर्ता ने बताया है कि कुछ लोग आपत्तिजनक तस्वीरें ऑनलाइन बेच रहे हैं। उसे कुछ ईमेल प्राप्त हो रहे हैं, जिनमें तस्वीरें भी हैं। इस संबंध में आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में गिरफ्तार आरोपियों के विवरण के साथ एफआईआर की कॉपी मांगी है। इसके अलावा उक्त सामग्री को इंटरनेट से हटाने व इसे प्रचलन से रोकने के लिए पुलिस की ओर से उठाए गए कदमों का विवरण भी मांगा है। मालीवाल ने कहा कि यह कृत्य बेहद अपमानजनक है। इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है और समूहों के बीच दुश्मनी पैदा होती है। इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। आपत्तिजनक सामग्री को तुरंत इंटरनेट से हटाया जाना चाहिए।

## बीएस-3 व बीएस-4 बसों की होगी जांच

नई दिल्ली। राजधानी में वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। ऐसे में इससे निपटने के लिए अलग-अलग पाबंदियां लगाई जा रही हैं। इसी कड़ी में एक नवंबर से एनसीआर से दिल्ली आने वाले वाहनों में बीएस-तीन और बीएस-चार डीजल बसों की एंट्री पर रोक रहेगी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को वाहन प्रदूषण को कम करने को लेकर कश्मीरी गेट बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एनसीआर राज्यों से आने वाली डीजल बसों के चालकों को जागरूक किया कि एक नवंबर से दिल्ली में सिर्फ इलेक्ट्रिक, सीएनजी व बीएस-छह बसों को ही प्रवेश मिलेगा। गोपाल राय ने बताया कि केंद्र सरकार हरियाणा, यूपी और राजस्थान के एनसीआर क्षेत्रों में संचालित होने वाली बीएस-3 और बीएस- 4 बसों को दिल्ली में प्रवेश को प्रतिबंधित करें। बुधवार से सभी बॉर्डर पर परिवहन विभाग जांच अभियान चलाएगा। दिल्ली में सभी बसें सीएनजी हैं। साथ ही, 800 से ज्यादा ई-बसें भी चल रही हैं, लेकिन यूपी, हरियाणा, राजस्थान के एनसीआर में चलने वाली बीएस-3 और बीएस-4 डीजल बसों के कारण दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है।

## सुरक्षा के लिए डॉक्टरों ने निकाला मार्च

नई दिल्ली। अस्पतालों में डॉक्टरों के साथ मारपीट की घटनाएं रोकने सहित अन्य मांगों को लेकर चिकित्सकों ने रविवार को मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से राजघाट तक मार्च निकाला। इस दौरान डॉक्टरों ने मांग रखी कि उन्हें अस्पतालों में सुरक्षित वातावरण दिया जाए। अक्सर डॉक्टरों से मारपीट आदि की घटनाएं होती हैं, लेकिन आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होती। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा के लिए केंद्रीय अधिनियम लाना चाहिए। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी डालमिया ने कहा कि मारपीट की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्रीय कानून बनाना चाहिए। इसके अलावा व्यावहारिक अग्नि सुरक्षा मानदंडों के साथ नर्सिंग होम को पंजीकृत करना, क्लीनिकों के लिए घरेलू दर पर बिजली-पानी की सुविधा, बॉयोमेडिकल अपशिष्ट निपटान की लागत को कम करना, रेजिडेंट डॉक्टरों, पीजी, डीएनबी व इंटर्न के लिए कार्य स्थितियों में सुधार करना, एफएमजीएस (विदेशी मेडिकल स्नातक) के लिए गारंटी इंटर्नशिप की सुविधा, उचित कैडर प्रबंधन लागू करें, पीसीपीएनडीटी एक्ट में संशोधन सहित अन्य मांगों को पूरा करें। प्रदर्शन में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, डीएमए अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल, मुख्य संयोजक डॉ. अरुण गुप्ता, संयोजक डॉ. गिरीश त्यागी सहित अन्य ने प्रदर्शन में डॉक्टरों की सुरक्षा पर चर्चा की।

## प्रमोद हत्याकांड में रेकी करने वाले गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** महमूदपुर गांव के किसान प्रमोद कसाना हत्याकांड में रेकी करने वाले सदस्य किंसू और नीटू भी शुक्रवार देर रात डीसीपी टीम के हत्थे चढ़ गए। वह हत्या को अंजाम देने वाले प्रधान अर्चना के पति कपिल कसाना और सचिन का दोस्त हैं। पुलिस ने गिरफ्तार सौरभ, सनी, गौरव व किंसू की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। हत्या के दौरान मृतक प्रमोद के गायब फोन की लोकेशन अभी तक ट्रेस नहीं हुई है। पुलिस के रडार पर अब फरीदाबाद से आए तीन बदमाश हैं। उनकी तलाश में टीम संभावित जगह पर दबिश दे रही है लेकिन वे टीम को चकमा दे रहे हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन शुभम पटेल ने बताया कि प्रमोद की हत्या के लिए महमूदपुर गांव के किंसू और नीटू ने रेकी की थी, वो प्रधान पति कपिल कसाना और सचिन का दोस्त है। किंसू सचिन के कहने पर हत्याकांड की रेकी करने के लिए शामिल हुआ था जबकि नीटू कपिल कसाना से सीधा जुड़ा हुआ था। उसी ने किसान प्रमोद को फोन करके घर से खेत की तरफ बुलाया था। मृतक की अंतिम कॉल उसके नंबर की आई थी। टीम ने उसे देर रात टीला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया जबकि शनिवार को किंसू भी टीम के हत्थे चढ़ गया। डीसीपी का कहना है कि हत्याकांड में अभी बदमाशों से कई और सवाल जानकर तार जोड़ने बाकी हैं। लिहाजा पकड़े गए गौरव, सनी, किंसू और सौरभ को रिमांड पर लेकर पूछताछ होगी। जांच में आया है कि सौरभ नोएडा से गैंगस्टर है। वह महमूदपुर गांव से नोएडा की तरफ घटना करने जाता था। उसकी भी सचिन से दोस्ती है। एक महीने पहले सचिन ने हत्या के लिए दोस्त सौरभ से बात की थी। उसके मांगने पर ही वह बागपत गया था और वहां से हथियार लाकर सनी को दे दिया। गौरव ने भी 315 बोर का तमंचा लाकर दिया था। योजना के तहत सभी अलग-अलग जिम्मेदारी निभाने लगे थे।

# कालिंदी कुंज यमुना घाट पर अखंड निराहार महाव्रत साधक श्री दादा गुरु ने यमुना आरती व कलश पूजन किया

### मां यमुना व नर्मदा के जल पर जीवन पर्यंत जिंदा रह सकता हूं , यह मां के आंचल की शक्ति है : श्री दादा गुरु

- गुरु की साधना है यमुना सेवा पद यात्रा - श्री दादा गुरु
- कालिंदी कुंज दुनिया का असाधारण घाट है -श्री दादा गुरु

नई दिल्ली। विगत 37 माह से अधिकअखंड निराहार महाव्रत साधक श्री दादा गुरु ने कालिंदी कुंज यमुना के तट पर लोगों के साथ कलश पूजन व मां यमुना की आरती कर माँ यमुना को निर्मल व अविरल रखने का संकल्प दिलाया।

श्री दादा गुरु ने कहा कि यह यात्रा नहीं है, बल्कि गुरु की साधना है। यह एक ऐसी साधना है जो जीवन को दिशा देती है, जीवन को सुरक्षित करने वाली है। और इसी पथ पर चलकर मां के आंचल पर जीवित रहना साधना है। तुम्हारे सामने मां यमुना, नर्मदा के पथ पर चलकर मां के आंचल का जीवंत सत्य बैठा है। इस सत्य को मनाना नहीं बल्कि जानना है। जिसे तुमने नदी कहा और मेरा अस्तित्व है, मेरी मां है, मैं उसे मां के आंचल पर जिंदा हूं। जीवन के असाधारण पथ को पहचानने की आवश्यकता है।यह समय है हम आपसे मतभेदों को भुलाकर माटी का मान करने का। भगवान कृष्ण ने मुंह में यमुना तट की मिट्टी को रखकर मिट्टी के कण - कण में छिपी शक्ति को मां यशोदा को बता दिया कि इसमें ब्रह्मांड की शक्ति है। माटी हमारा अस्तित्व है। यह कृष्ण का चरित्र है, और यही परमात्मा का वास्तविक चरित्र है। गोविंद ने आज से 5 हजार वर्ष पूर्व बता दिया था की माटी हमारी मां है। मिट्टी का एक-एक कण जीवंत है। माटी से प्रेम करना, माटी के सम्मान के लिए गुरु गोविंद ने बलिदान दिया था। माटी व पानी में आज हम जहर मिला रहे हैं और आज हमारा यह चरित्र बन गया है। जाति, पंथ व संप्रदाय के संघर्ष का समय नहीं है बल्कि माटी को बचाने के लिए संघर्ष करें। यमुना का पथ गांव - नगर को एक करेगा। यमुना का पानी सभी को एक सूत्र में पिरोयेगा। यह गांव - नगर को जीवन दे रहा है। जीव जगत का आधार राम कृष्ण का वास्तविक चरित्र है। और जो वास्तविक है वही चरित्र है।

श्री दादा गुरु ने कहा कि हर सदी में यमुना के पथ का पथिक गुरु व गोविंद बने हैं। इस पथ पर चलना साधना कहलाता है। इस असाधारण पथ पर चले तो साधना है, बैठ गए तो उपासना है।चलने से जीवन की दिशा मिलती है। गांव व शहर को आत्म निर्भर बनाता है। मां गंगा, यमुना,गोदावरी, रीवा ने हमको दिशा दिखाई। जीवन जीना सिखाया और आत्म निर्भर बनाया। और परम सत्ता से भी मिलाया है। यदि ईश्वर से मिलना है तो चलो इन पथों पर। इसका युग साक्षी है। परमात्मा का प्रकटीकरण भी इन्हीं पथों पर हुया है। इसी पथ पर बाल गोपाल की लीला हुई है, दुनिया को संदेश दिया। ये पथ हमारे लिए साक्षात शक्ति है।

श्री दादा गुरु ने कहा कि मां यमुना का आंचल अर्थात जल जितना स्वच्छ होगा उतना हमारा घर - परिवार स्वस्थ होगा। जब से नदियां दूषित हुई है तब से हमारा समाज संक्रमित हुआ है। हम अपनों को खोते जा रहे हैं। सांसों का संकट आ गया है। चाहे हवा, पानी , मिट्टी हो सभी हमारे गलत जीवन शैली के कारण दूषित हो गई है। और हम परमात्मा से चाहते हैं कि हमारा परिवार - घर स्वस्थ रहे। हमारे गलत प्रवृत्ति व आचरण के कारण हमारे घर परिवार में खुशियां नहीं है। हमारे घरों में संक्रमण है। और इस संक्रमण से कोई ना कोई शिकार हो रहा है और हम अपनों को खोते चले जा रहे हैं।

श्री दादा गुरु ने कहा कि कालिंदी कुंज दुनिया का असाधारण घाट है। मथुरा-वृंदावन तक ऐसे घने जंगल होते थे। दिल्ली में 5 हजार वर्ष पूर्व पांडवों को मिला असाधारण अभ्यारण था। खांडव वन था, जहां परमात्मा से ईश्वर का साक्षात्कार होता था। यह शाश्वत सत्य है कि 6 माह तक बच्चा अपने मां के आंचल पर जीवित रहता है। मैं दुनिया को यह बताता हूं की मां यमुना व नर्मदा के जल पर जीवनपर्यंत जिंदा रह सकता हूं। यह मां के आंचल की शक्ति है। आज हमारे गलत जीवन शैली व आचरण के कारण मां का आंचल दूषित हो रहा है। और यदि ये प्रदूषित होगी तो हमारा गांव - नगर भी स्वस्थ कभी नहीं रह सकता है।

नमो विचार संघ के अध्यक्ष एस राहुल ने कहा कि श्री दादा गुरु ने जो दुनिया को राह दिखा रहे है, यही जीवन का वास्तविक सत्य है और इस पथ पर चलकर ही हम अपने अस्तित्व को बचा पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि दूसरे दिन यह यमुना सेवा यात्रा कालिंदी कुंज से फरीदाबाद के ददसिया के लिए प्रस्थान कर गई है। इस मौके पर समाजसेवी डॉ लेखराज सिंह, युवा नेता विकास कुमार, निगम पार्षद चंदन चौधरी, जन्मेजय शर्मा, अर्जुन मिश्रा, नीतीश कुमार रामसेवक साहू सहित अन्य यमुना प्रेमी मौजूद रहे।

# केरल ब्लास्ट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी, सभी चर्च की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

### केरल के एर्नाकुलम में रविवार सुबह एक कन्वेंशन सेंटर में भीषण ब्लास्ट हुआ

नई दिल्ली। केरल ब्लास्ट में बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल सेंट्रल एजेंसियों के संपर्क में है। दिल्ली में सभी चर्च की सुरक्षा बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के सूत्रों से यह जानकारी मिली है।

जानकारी के मुताबिक, केरल के कलामस्सेरी स्थित कन्वेंशन सेंटर में हुए धमाके के बाद दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर खास नजर रखी जा रही है। स्पेशल सेल लगातार खुफिया एजेंसियों के संपर्क में है और किसी भी इनपुट को हल्के में नहीं लिया जाएगा। भीड़भाड़ वाली जगह पर सुरक्षा के इंतजाम किये जा रहे हैं।

केरल के एर्नाकुलम में रविवार सुबह एक कन्वेंशन सेंटर में भीषण




ब्लास्ट हुआ। इसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत की खबर है। वहीं, कई लोग घायल हैं। कलामसेरी पुलिस के मुताबिक, यह धमाका उस वक्त हुआ, जब कई लोग कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के लिए जुटे थे। पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका सुबह नौ बजे के करीब हुआ। अगले कुछ मिनटों में एक के बाद एक ब्लास्ट हुए।

केरल के डीजीपी डॉ. शेख दरवेश साहब ने कहा, कल सुबह लगभग 9:40 बजे ज़मरा इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 36 लोगों का इलाज चल रहा है। कन्वेंशन सेंटर में यहोवा के साक्षियों का क्षेत्रीय सम्मेलन हो रहा था हमने देखा कि एक क्षेत्रीय सम्मेलन हो रहा था। हमारे सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं। हमारे एडिशनल डीजीपी भी रास्ते में हैं। मैं भी शीघ्र ही मौके पर पहुंचूंगा। हम पूरी जांच कर रहे हैं, पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन है और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह एक आईईडी उपकरण है और हम इसकी जांच कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, रविवार को इस तीन दिवसीय प्रार्थना सभा का आखिरी दिन था। अधिकारियों के मुताबिक, जिस वक्त यह धमाके हुए उस दौरान प्रार्थना सभा में करीब दो हजार लोग जुटे थे। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज के ने कहा कि कालामसेरी धमाके को लेकर उन्होंने सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। साथ ही छुट्टी पर गए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को तुरंत काम पर लौटने के लिए कहा है।

# चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**एजेंसी**

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की ईकोटेक 3 थाना पुलिस ने रात्रि में बंद पड़े मकान में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है ।पुलिस ने इस गिरोह के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों के कब्जे से चोरी किए गए पीली धातु के आभूषण, स्मार्ट वॉच, मोबाइल फोन एलइडी टीवी, लैपटॉप व अन्य सामान बरामद किया है।

सेंट्रल नोएडा की ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र में एक बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस दौरान घर से काफी सामान अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने चोरों की तलाश के लिए टीम का गठन किया और इन चोरों की तलाश में जुट गए।

इसके बाद लोकल इंटेलीजेंस और गोपियां सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार को हिंडन पुल के पास से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

इन चोरों की निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया ।इस दौरान शंकर,प्रीतम और सर्वजीत को गिरफ्तार किया गया ।ये तीनो चोर बिहार के रहने वाले हैं।

### दिन में रेकी कर रात में घटना को देते थे अंजाम

ईकोटेक 3 थाना प्रभारी सुनील कुमार दत्त ने बताया कि यह बड़े ही शातिर किस्म के चोर हैं। यह दिन में रेकी किया करते थे और रात में बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर उन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे।

इन लोगों ने कुछ दिन पहले ही एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था ।चोरी के सामान को यह लोग इधर-उधर बेचकर अपने शौक पूरा किया करते थे। चोरों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद हो गया है। तीनों चोरों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने अवैध पटाखों के गोदाम पर की छापेमारी

### करीब ढाई लाख के अवैध पटाखे हुए बरामद

गौतम बुद्ध नगर। दीपावली से पहले पुलिस लगातार अवैध पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी दौरान सूरजपुर थाना पुलिस ने एक गोदाम पर छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए। पुलिस ने इस दौरान मौके से एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि दिल्ली एनसीआर में पटाखों पर बैन हैं, लेकिन उसके बावजूद भी काफी लोग चोरी-छिपे इन पटाखों को बेच रहे थे। कुछ लोग लगातार अवैध पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। सूरजपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति के द्वारा एक एक गोदाम में अवैध रूप से पटाखे रखकर बेचे जा रहे हैं । इसके बाद सूरजपुर थाना पुलिस में कैलाशपुर गांव में आटा चक्की के गोदाम में जाकर छापेमारी की।

### आरोपी को भेजा गया जेल

छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया की मौके पर भारी मात्रा में अवैध पटाखे रखे हुए थे। इस दौरान 30 कार्टन व 12 बोरे अवैध पटाखे बरामद किए। इन पटाखों की कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। इन दौरान पुलिस ने राज अग्रवाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है ।यह दादरी का रहने वाला है। सूरजपुर थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना के बाद एक गोदाम पर छापेमारी करते हुए अवैध पटाखे बरामद किए गए है। इस दौरान ढाई लाख के पटाखे बरामद हुए है। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## गाजीपुर बॉर्डर पर रोकी गई जनसंख्या रैली

गाजियाबाद। जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर गाजियाबाद से दिल्ली तक जा रही रैली को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने उन्हें दिल्ली की सीमा में एंट्री नहीं दी है। पुलिस ने यूपी-दिल्ली बॉर्डर पर बैरीकेड्स लगाए हुए हैं। इसके विरोध में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन से जुड़े सैकड़ों लोग गाजीपुर बॉर्डर पर ही धरने पर बैठ गए हैं। रैली में कई राज्यों के लोग शामिल हैं। ये रैली जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले निकाली जा रही है। इसके जरिए तकरीबन एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर वाले पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपे जाने हैं। साथ ही प्रधानमंत्री से जनसंख्या पर नियंत्रण की मांग करने वाले हैं। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक इंद्रेश हैं, जो आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं।

# सरकारी धन गबन मामला : पुलिस के 10 अधिकारियों के खिलाफ चलेगा मुकदमा

### उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस में 2.44 करोड़ रुपये के सरकारी फंड के गबन मामले में 10 दिल्ली पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलेगा। रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। बाहरी जिले में तैनात दो सब इंस्पेक्टर, तीन हेड कांस्टेबल और पांच कांस्टेबल के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और आपराधिक विश्वासघात के अपराध के लिए आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक अक्तूबर 2019 को एफआईआर दर्ज की गई थी।

आरोपियों में महिला एसआई मीना कुमारी, एसआई हरेंद्र, हेड कांस्टेबल विजेंदर सिंह, हेड कांस्टेबल विजू पीके, हेड कांस्टेबल आनंद कुमार, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल रविंदर,



कांस्टेबल संजय दहिया और कांस्टेबल रोहित शामिल हैं। इन सभी पर वेतन, एरियर और ट्यूशन फीस सहित अन्य फंड को अपने निजी इस्तेमाल के लिए गबन करने का आरोप लगाया गया है।

गृह विभाग ने इन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगते हुए डिसक्लोजर स्टेटमेंट प्रस्तुत किया। इसमें कृष्ण, विजेंद्र सिंह, अनिल कुमार और मीना कुमारी ने उनके द्वारा सरकारी धन के गबन की बात स्वीकार की है और गवाहों के बयान, जब्ती ज्ञापन के साथ-साथ अन्य छह आरोपियों के खातों का विवरण भी दिया गया है कि जो अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए धन की हेराफेरी में उनकी संलिप्तता दर्शाती है। ईओडब्ल्यू, दिल्ली ने मामले में चार आरोपियों कृष्ण, विजेंदर सिंह, अनिल कुमार और मीना कुमारी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है और अन्य छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने की मंजूरी अदालत से मांगी गई है।

उपराज्यपाल ने इन अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 197 (1) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी देते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सबूतों की जांच करने पर उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है।

# नोएडा में डिलीवरी बॉय से पुलिस की मुठभेड़

### पैर में गोली लगने से घायल, डिलीवरी के दौरान युवती से की थी रेप की कोशिश

**गौतम बुद्ध नगर।** सेंट्रल नोएडा में बिसरख थाना पुलिस की डिलीवरी के दौरान युवती से रेप की कोशिश करने वाले डिलीवरी बॉय से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने आरोपी घायल हो गया। आरोपी ने दरोगा से पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की थी। इसी दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। फिलहाल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। बिसरख थाना क्षेत्र की इको विलेज वन सोसाइटी में दो दिन पहले एक डिलीवरी ब्वॉय अंडे और दूध की डिलीवरी करने गया था। इस दौरान घर पर एक युवती अकेली थी। युवती को अकेला पाकर आरोपी डिलीवरी बॉय ने उसके साथ छेड़खानी की और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिस पर युवती ने उसका विरोध किया। विरोध करने पर उसने युवती के साथ मारपीट भी की। युवती ने शोर मचा दिया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए।



इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में 5 टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने रविवार को आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर लिया और जब पुलिस आरोपी को लेकर थाने आ रही थी। इसी दौरान आरोपी ने सेक्टर 3 के पास दरोगा की पिस्टल छीन ली और पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। फिलहाल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। बिसरख थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि एक सोसाइटी में डिलीवरी बाय के द्वारा एक युवती के साथ रेप का प्रयास किया गया था। उस आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आग लगने से पांच वाहन जले

गाजियाबाद। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद वहां खड़े पांच वाहन जल गए। इसमें चार कार और एक स्कूटी है। दमकल की तीन गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, DLF कॉलोनी में सड़क किनारे एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। इसके किनारे ही कुछ गाड़ियां खड़ी हुई थीं। रविवार शाम ट्रांसफार्मर में तेज धमाके से आग लग गई। इसकी कुछ चिंगारी एक कार पर आकर गिरी, जो सीएनजी चलित थी। इस कार में आग लगते ही लपटों ने बराबर वाली गाड़ियों को चपेट में ले लिया। इस तरह कुल चार कारें और एक स्कूटी आग की चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पॉवर कॉरपोरेशन और दमकल विभाग को सूचना दी। ट्रांसफार्मर की पॉवर सप्लाई काटी गई, तब बचाव-राहत कार्य शुरू हो पाया। हालांकि तब तक पांचों वाहन जल चुके थे।

# घर में घुसकर दबंगों का परिवार पर हमला, महिलाओं से की मारपीट

**एजेंसी**

जेवर। नोएडा में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ठसराना गांव में शनिवार रात एक परिवार पर पड़ोस के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित परिवार के करीब 3 लोगों को चोट आई है। जिनका पास के ही एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में शिकायत पर पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

गांव निवासी नवल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि पड़ोस के लोगों से उनका किसी बात को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर आरोपी पक्ष ने शनिवार की रात उनके घर पहुंच कर परिवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित नवल समेत उनके परिवार के कई लोगों को चोट आई है। आरोपियों ने महिलाओं से भी मारपीट की है। इसमें कई महिलाएं घायल हुई हैं। बाद में आरोपी पक्ष पीड़ित परिवार को पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। देर रात को पीड़ित परिवार ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी पक्ष के खिलाफ केस दर्ज कराने की मांग को लेकर हंगामा किया।

पुलिस ने इस मामले में पीड़ित नवल की शिकायत पर आशीष, गौरव, राहुल, निक्की, छोटू, मनीष, विशाल, मनीष कुमार, दीपक, पुनीत, अजय और अनुज शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। जो आए दिन उनसे विवाद करते रहते हैं।

उनके घर के नजदीक खड़े होकर गाली-गलौज भी करते हैं। इस संबंध में कई बार आरोपियों से शिकायत भी की गई है। लेकिन उसके बावजूद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

# संपादकीय

## युद्ध के नियमों की किसे परवाह

मनुष्य की उत्पत्ति के बाद कई सहस्त्राब्दियों से ये दावे किए जाते रहे हैं कि होमो सैपियंस इस ग्रह के सबसे उन्नत और समझदार प्राणी हैं। मुझे अलबत्ता यह डर है कि हममें और मूल निएंडरथल में ज्यादा फर्क नहीं है। जैसे वे बगैर किसी नियम के लड़ाइयां करते थे, हम भी नियम-कानूनों को ताक पर रखकर युद्ध करते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या मनुष्यता के इतिहास में कभी युद्धों के नियम थे। नेट्टिमय्यार ने करीब 200 ईस्वी पूर्व में रचित अपनी एक कविता में तमिल राजाओं के बीच होने वाले युद्धों के बुनियादी नियम बताए थे।

युद्ध के मैदान में सैनिकों के बीच सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक युद्ध लड़े जाते थे। सूर्योदय से फिर युद्ध शुरू होता था। तमिल में रामायण लिखने वाले महाकवि कंबन के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि राम ने थके हुए और पराजित रावण से कहा था, 'आज तुम जा सकते हो और कल युद्ध करने आ सकते हो।'

अगर युद्धों में सभ्यता को ढूंढा जाए, तो आधुनिक युद्धों की तुलना में, प्राचीन युद्ध निस्संदेह सभ्य की श्रेणी में आएंगे, जिनमें नियमों की परवाह दिखती थी। आज रूस और यूक्रेन तथा इस्राइल व हमास के बीच जो दो युद्ध लड़े जा रहे हैं, वे निर्मम युद्ध हैं। अंधाधुंध बमबारी से यूक्रेन और गाजा में शहर, कस्बे, अस्पताल और स्कूल मलबे में तब्दील हो चुके हैं। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और मरीजों सहित हजारों लोग मारे जा चुके हैं। विस्थापितों को ऐसे शिविरों में रखा जा रहा है, जहां बुनियादी सुविधाओं बिल्कुल भी नहीं हैं। हजारों बेघर पड़ोसी देशों में पलायन के लिए मजबूर हैं। पीने को पानी नहीं, बिजली नहीं, भोजन नहीं, दवाएं नहीं, मदद ले जा रहे ट्रकों तक को रोक दिया गया है। आखिर इन युद्धों की वजह क्या है? रूस और यूक्रेन में मुद्दा है प्रभुत्व। 1922 से 1991 के बीच यूक्रेन सोवियत संघ का हिस्सा था।

रूसी नस्ल के हजारों लोग यूक्रेन के कुछ हिस्सों में बसे थे और वहां के प्रमुख समूह भी बन गए थे। आजादी के बाद यूक्रेन नाटो देशों व रूस के बीच एक बफर क्षेत्र बना हुआ था। रूस को डर है कि यूक्रेन नाटो में शामिल होकर उसकी सेनाओं को रूसी सीमाओं तक ले आएगा। इसी वजह से रूस चाहता है कि यूक्रेन एक तटस्थ राज्य हो। वह यूक्रेन के उन हिस्सों पर भी फिर से कब्जा करना चाहता है, जहां कभी रूसी नस्ल के लोग बसे थे। जाहिर है कि यह युद्ध जमीन के एक हिस्से पर कब्जा करने के लिए है।

इस्राइल और हमास युद्ध भी जमीन को लेकर है। सभी फलस्तीनी, जिनमें से कुछ का प्रतिनिधित्व हमास करता है, मानते हैं कि यहूदी लोगों ने उनकी जमीन हड़प ली है। यह क्षेत्र दरअसल फलस्तीन कहलाता था और इस पर अरबों, यहूदियों और ईसाइयों का कब्जा था। इस्राइल को संयुक्त राष्ट के प्रस्ताव के जरिये बनाया गया था और 1948 में अपने गठन के बाद से ही यहूदी लोग इस भूमि पर बसे हुए हैं। वर्तमान में इस्राइल एक शक्तिशाली देश बन गया है, जो अपने दुश्मन पड़ोसियों से निपटना जानता है। इस्राइल इस क्षेत्र की एकमात्र परमाणु शक्ति संपन्न शक्ति है। इतिहास बेशक फलस्तीनियों के पक्ष में हो, लेकिन सच्चाई यह है कि इस्राइल को इस जमीन से अलग करना नामुमकिन है।संयुक्त राष्ट्र एक कमजोर संस्था है। यह ऊंचे लक्ष्यों वाले संयुक्त राष्ट्र चार्टर को भी लागू नहीं कर सकता, जो कहता है, 'संयुक्त राष्ट्र आने वाली पीढ़ियों को युद्ध के संकट से बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जिसने हमारे जीवन काल में दो बार मानव जाति को अकथनीय पीड़ा दी है और...यह सुनिश्चित करने के लिए...सामान्य हित को छोड़कर सशस्त्र बलों का उपयोग नहीं किया जाएगा।' संयुक्त राष्ट्र पीढ़ियों को युद्ध के संकट से बचाने और सशस्त्र बलों के उपयोग को रोकने के अपने लक्ष्यों में आश्चर्यजनक से विफल रहा है। युद्ध की प्रकृति भी अब बदल गई है। अब लड़ाई मनुष्य और मनुष्य की न रहकर, मशीनों और ड्रोन मिसाइलों की हो गई है। अगर दुनिया जमीन के विवादों को हल नहीं कर पाती, तो युद्ध रोके नहीं जा सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच भी जमीन को लेकर विवाद है।

## केरल के बम धमाके हैं भारत के लिए गंभीर चेतावनी

शनिवार 28 अक्टूबर को केरल के मल्लापुरम में हमास के समर्थन में एक रैली हुई, जिसमें हमास के नेता खालेद मशाल को भी वर्चुअली बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था. अपने भड़काऊ भाषण में खालेद ने वहां जमा मुसलमानों से सड़क पर उतरने और जिहाद में हिस्सा लेने की अपील की. आज दोपहर केरल में जब 2000 ईसाई एर्नाकुलम में प्रेयर करने इकट्ठा हुए थे, तो एक के बाद एक चार बमों का विस्फोट हुआ. भारत ने अभी संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर वोटिंग से भी खुद को अलग किया, जिसमें इजरायल से तुरंत संघर्षविराम करने की बात कही गयी थी. इस पर भी भारत में राजनीति तेज हो गयी है. इजरायल और हमास को लेकर काफी तेजी से मतों का ध्रुवीकरण हो रहा है. केरल में जो जमात-ए-इस्लामी हिंद के माध्यम से एक रैली हुई और उसमें हमास के नेता को वर्चुअली जोड़ा और उसने सभा को संबोधित भी किया. उसने चार बातों की अपील की थी, जो भारतीय सुरक्षा के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण मसला है और उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए था, वह सुरक्षा के लिहाज से भी काफी अहम था. वहां लेकिन सीपीएम की सरकार है और उनकी नीति हमास के समर्थन की रही है, इसलिए उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया. हमास के नेता खालेद मशाल ने उस सभा में चार बातें कहीं जो बहुत ही संवेदनशील थीं, वहां अपरूट हिंदुत्व के पोस्टर भी लगे थे. खालेद मशाल ने मुसलमानों से सड़कों पर उतरने और गुस्सा जाहिर करने, जिहाद के लिए तैयार रहने, हमास को पैसों के माध्यम से सपोर्ट करने और फिलीस्तीन के मसले पर सोशल मीडिया के प्रचार-प्रसार की बात कही. इजरायल और यहूदियों के खिलाफ तो भड़काऊ नारे लगे ही. पिछले कई वर्षों से केरल कहीं न कहीं इस्लामिक आतंकी संगठनों का अड्डा बन चुका है और ऐसे में जमाते-इस्लामी-हिंद का यह प्रदर्शन भी उसी कड़ी में देखा जाना चाहिए. केरल से आइसिस के लड़ाके भी भर्ती हुए हैं और वहां के बहुतेरे मुसलमान आतंकी संगठनों के साथ खड़े होते भी देखे गए हैं. जिस इलाके में आज एक के बाद एक चार बम धमाके हुए हैं, वहां यहूदियों की भी आबादी है, हालांकि जहां धमाका हुआ, वहां 2000 से अधिक ईसाई अपना प्रेयर कर रहे थे. अब ये भी खुलकर सामने आ रहा है कि पिनराई विजयन की सरकार को केंद्रीय एजेंसियों ने चेतावनी भी दी थी, लेकिन उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया. तो चंद वोटों के चक्कर में अगर आज वे हमास के साथ खड़े हो रहे हैं, भारत के मुसलमानों को बरगला रहे हैं कि वे हमास के साथ खड़े हों, जबकि भारतीय मुसलमानों का आतंक से कोई लेना-देना नहीं है, हमास से कोई लेना-देना नहीं है और वोटों की खातिर दोनों को इक्वेट करना, चूंकि केवल मजहबी आधार पर वे एक हैं, भारतीय मुसलमानों को एक अंधी खाई में धकेलने जैसा है. पहले तो यह समझा जाए कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में जो प्रस्ताव आया, उस पर बात की जाए. वह प्रस्ताव नॉन-बाइंडिंग था. इस तरह के नॉन-बाइंडिंग रेजोल्यूशन जो होते हैं, वह केवल पॉलिटिकल नैरेटिव सेट करने के लिए होते हैं. जैसा कि इजरायल ने भी कहा कि अब यूएन की कोई जरूरत नहीं है और वह केवल कठपुतली बनकर रह गया है और वो सही तरीके से काम नहीं कर रहा है. अगर सचमुच मानवीय सहायता को लेकर यूएन चिंतित होता तो वह इस तरह के नॉन-बाइंडिग रेजोल्यूशन नहीं लाता. वहां बाइंडिंग रेजोल्यूशन की बात होती. यूएन का काम है कि वह मामले में दखल देकर शांतिपूर्ण निपटारा करे, लेकिन वह कई वर्षों से ऐसा करता दिख नहीं रहा है. रही बात, पॉलिटिकल नैरेटिव की जो इजरायल को दबाव डालकर हमास के सामने पॉलिटिकली सरेंडर करने की है, मानवीय सहायता की दुहाई दी जाए, तो वह काम नहीं करेगा. वहां बात इजरायल के बंधकों को छोड़ने की भी आयी, और भारत भी यह मानता है कि हमास की ब्लैकमेलिंग जो आज भी चल रही है, वह ठीक नहीं है. वह अस्पतालों को और स्कूलों के पीछे छिपकर, अपना बेस बनाकर वहां से ऑपरेट कर रहा है और उसे गाजा में मरनेवालों की चिंता नहीं है, वह चाहता है कि वहां कुछ भी गलत हो और इजरायल की निंदा हो.

31 अक्टूबर जयन्ती पर विशेष

# नये भारत के निर्माता थे सरदार पटेल

रमेश सर्राफ धमोरा

सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।


देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवत~ नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा



शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निर्माता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा।

सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया।

अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते।

सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। नि:संदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया।

सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं।

सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था। सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

## जीवन मे जिजीविषा और संघर्ष सफलता के उत्तम मार्ग

मन के जीते जीत है मन के हारे हार। निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ॠषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए।

## हाँ मेरा शहर दिन के उजालों का शहर है

हाँ मेरा शहर दिन के उजालों का शहर है,  
ये मस्जिदों और शिवालों का शहर है।

नाजुक मिजाज लोग आशिक मिजाज भी,  
तस्किने दिल को चाहने वालों का शहर है ।

लोगों के लिए जन्नत से कम नहीं ,  
चांदी की थाली,सोने के प्यालों का शहर है 7

वो चाहतें है हथियारों की फसलें बोना मगर,  
ये आज भी मोहब्बत के रिसालों का शहर है।

बेलोस मोहब्बत यहाँ हर एक गली में,  
ये मोहब्बत की लाजवाब मिसालों का शहर है।

यहाँ हर आँख में मेहनत की धनक है संजीव,  
अख्लाक की चमकती मशालों का शहर है।



संजीव ठाकुर  
रायपुर

# क्या शिवराज को टिकिट कांग्रेस की ही ज़्यादा मदद नहीं करेगा ?

-श्रवण गर्ग

इस तरह की चर्चाओं के बीच कि बग़ावत जैसी स्थितियों के कारण ही भाजपा की चौथी सूची में शिवराज सिंह और उनके 'दागी' मंत्रियों को भी शामिल करना पड़ा अब फ़ोकस इस सवाल पर केंद्रित है कि मध्यप्रदेश में जीत किस पार्टी की होने जा रही है ? तीन सूचियों में 79 उम्मीदवारों की घोषणा के बाद शिवराज को भी टिकिट देने का फ़ैसला निश्चित ही पहली लिस्ट के भारी भरकम नामों (सात सांसदों और एक पार्टी महासचिव) की राजनीतिक हैसियत को भी प्रभावित करने वाला है। दूसरी ओर, ज्योतिरादित्य की बग़ावत के बाद से नेतृत्व के मुद्दे पर कांग्रेस में किसी तरह का तनाव नहीं बचा है। आलाकमान (राहुल गांधी) की मंशा की जाने बग़ैर ही कमलनाथ ने काफ़ी पहले से ख़ुद को 'भावी मुख्यमंत्री' घोषित कर रखा है।

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ 29 मई को दिल्ली में हुई बैठक के बाद आत्मविश्वास से सराबोर राहुल ने दावा किया था कि पार्टी एमपी में भी कर्नाटक दोहराएगी और उसे डेढ़ सौ सीटें प्राप्त होंगी ! अपनी ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान एक प्रेस कांफ्रेंस में तो राहुल ने यहाँ तक कह दिया था कि एमपी में कांग्रेस की सूनामी है। तब तक कांग्रेस की पहली सूची भी बाहर नहीं आई थी और किसी को अंदाज़ा नहीं था कि टिकिट वितरण में सिर्फ़ कमलनाथ की ही चलने वाली है ,दिल्ली की भी नहीं। राहुल भी अब सिर्फ़ जीतने की ही बात करते हैं डेढ़ सौ की नहीं।

सट्टा बाज़ार, यूट्यूब चैनलों की बहसों और व्यावसायिक एजेंसियों के 'प्रायोजित' सर्वेक्षणों के दावों पर यक़ीन नहीं करना हो तो 'आज की स्थिति में' चुनावी नतीजों के बाद दो संभावनाओं के लिए तैयार रहना चाहिए।

पहली यह कि कांग्रेस मतगणना में हार सकती है। दूसरी यह कि अगर सीटें जीत दर्ज कराने जितनी ही मिलीं तो वह जीतने के बाद भी हार सकती है !

पहली संभावना का दोषी एकमात्र कारण यही बन सकता है कि कांग्रेस ने कई सीटों पर कमज़ोर उम्मीदवार खड़े कर दिये। ऐसा या तो भारी बहुमत से जीत के अंधे मुग़ालते के आधार पर कर दिया गया या फिर कोई 'अज्ञात' कारण रहा हो ! कमज़ोर उम्मीदवारों में शिवराज के ख़िलाफ़ खड़े किए गए उम्मीदवार को भी गिनाया जा सकता है। टिकट-वितरण से मचे घमासान के बाद कुछ



सीटों पर किया गया फेर- बदल तो व्यापक असंतोष की सिर्फ़ बानगी है। यही कारण है कि भाजपा के अलावा अपनी ही पार्टी के बाग़ियों से भी अब कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों को मुक़ाबला करना है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के सहयोगी दलों (सपा, आप और जेडी-यू ) के भी लगभग सौ उम्मीदवार मैदान में हैं। ये सब कांग्रेस के ही क़िले में सैंध लगाएँगे। भाजपा की मदद के लिए बसपा ने भी कई उम्मीदवार खड़े कर दिए हैं।

जिस तरह की परिस्थिति है उसमें कोई ईश्वरीय चमत्कार या भाजपा-विरोधी सूनामी ही एमपी में कांग्रेस को कर्नाटक बना सकती है। ऐसा नहीं हुआ तो दिग्विजय सिंह के इस दावे की पोल खुल जाएगी कि 4,000 आवेदकों में से 230 को चुनने के लिए ज़िला, प्रदेश और एआईसीसी के सचिवों के स्तर पर स्क्रीनिंग कर सिर्फ़ जीतने वाले उम्मीदवारों के नाम ही तय किए गए हैं।

चर्चाएँ आम हैं कि कर्नाटक में भारी बहुमत से जीत के बावजूद चुनाव परिणामों के दिन से 'आजतक' भाजपा वहाँ सरकार गिराने की कोशिशों में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच चल रहे मतभेद अपनी जगह (एमपी में कमलनाथ-दिग्विजय पढ़ सकते हैं) कुछ दिन पहले ही एक असंतुष्ट मंत्री को किसी तरह समझा-बुझाकर बड़ी संख्या में समर्थक विधायकों के साथ मैसूर यात्रा पर रवाना होने के ठीक पहले रोक लिया गया।भाजपा की शह पर जेडी(एस) नेता कुमारस्वामी सरकार गिराने के काम में पहले दिन से जर-जी-जान से लगे हुए हैं।

इस बात की जानकारी सार्वजनिक है कि पिछली बार (2018 में ) चुनाव नतीजे प्राप्त होने के तत्काल बाद से भाजपा के कई नेता दिल्ली में सिंधिया के संपर्क में थे। कमलनाथ सरकार के ख़िलाफ़ चला 'ऑपरेशन लोटस' केवल एक रात में संपन्न नहीं हो गया था। एमपी में कांग्रेस की जीत अगर हिमाचल और कर्नाटक की तरह नहीं हुई और सीटों का अंतर 2018 की तरह (पाँच सीटों ) ही रहा तो सरकार फिर से भाजपा की बन जाएगी। मानकर चला जा सकता है कि भाजपा ने दूसरी संभावना पर कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा के पहले से काम शुरू कर दिया होगा। उसके लिए यह पता करना मुश्किल नहीं रहा होगा कि इस बार किसके लिये सिंधिया की मदद ली जा सकती है !

एक बड़े वर्ग का मानना है कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के पहले तक लहर निश्चित ही कांग्रेस के पक्ष में मज़बूती के साथ थी और अब स्थिति चुनौतीपूर्ण बन गई है। कांग्रेस अगर चाहे तो मतदान के पहले अपनी प्रारंभिक मज़बूती को फिर से हासिल कर सकती है। उसके हथियार भी भाजपा ने ही कांग्रेस को सौंप दिए हैं। इनमें यह भी शामिल है कि शिवराज सरकार के ख़िलाफ़ अगर एंटी-इंकम्बेंसी (विरोध की लहर)2018 के चुनावों से ही चली आ रही थी तो भाजपा आलाकमान के लिए कोई बहुत बड़ी मज़बूरी रही होगी कि मुख्यमंत्री सहित पूरी टीम को फिर से टिकिट थमा दिए गए। 'शिवराज की चुनावी मैदान में उपस्थिति कांग्रेस की ही मदद करने वाली है, भाजपा की नहीं !'

दूसरे यह कि अमित शाह पिछले चुनाव कि तरह इस बार दावा नहीं कर रहे हैं कि भाजपा दो सौ सीटें हासिल करेगी ।उल्टे हो यह रहा है कि अफ़सरों को धमकाया जा रहा है कि 'कमल' के साथ सहयोग नहीं करने के नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें।

ऐसी धमकियाँ तो कर्नाटक में जनता को भी दी गईं थीं। कांग्रेस के लिए सत्ता में आने का यह आख़िरी मौक़ा है। कमलनाथ अगर चाहें तो पार्टी की जीत का आँकड़ा अभी भी कर्नाटक के क़रीब पहुँचा सकते हैं। कांग्रेस अगर हार गई तो पराजय कमलनाथ की नहीं बल्कि 'भारत जोड़ो यात्रा' की होगी। कमलनाथ तो हार कर छिन्दवाड़ा बैठ जाएँगे ,राहुल गांधी कहाँ जाएँगे ?

## शार्ट न्यूज

### सोनभद्र में 5 साल के मासूम से कुकर्म

सोनभद्र। सोनभद्र में एक युवक ने पांच साल के मासूम के साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया है। शनिवार को बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया गया। इसके बाद घर पहुंचे बच्चे ने अपने परिजनों को पूरी बात बताई। वहीं, लहूलुहान बच्चे को देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। पूरा मामला दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 5 साल के मासूम के साथ युवक ने बहला फुसलाकर गलत काम किया है। जानकारी के अनुसार बच्चा अपने घर से कुछ दूर लगे हैंडपंप पर शनिवार को स्कूल से आने के बाद स्नान करने गया था। इसी दौरान बगल गांव के ही 24 वर्षीय बृजेश कुमार गोड पुत्र महेंद्र सिंह गौड़ उसे अपने साथ पाही पर ले गया। यहां उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वहीं, सूचना पर तुरंत पहुंचे कोतवाली प्रभारी नागेश सिंह अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ बालक को तुरंत अपने वाहन से इलाज हेतु सीएचसी दुद्धी भेजवाया एवं आरोपी की तलाश में जुट गए। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कादल गांव में दुष्कर्म का आरोपी किसी वाहन से भागने के फिराक में जुटा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को रजखड़ तिराहे पास से रात्रि में लगभग 10: 15 बजे गिरफ्तार कर लिया।

### बांदा में अज्ञात कारणों के चलते युवती ने लगाई फांसी, परिजनों ने लगाया आरोप

**बांदा।** बांदा में अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवती के परिजनों ने युवती के देवर पर दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आपको बता दें कि मामला पैलानी थाना के अलोना गांव का है। जहां पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी होने पर युवती के परिजन पहुंचे और युवती के देवर पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका की मां का कहना है कि मृतका का देवर लगातार उसको परेशान करता रहा है। कई बार उसने दुष्कर्म का प्रयास भी किया है। आज भी परेशान कर रहा था, जिस पर मृतका ने अपने पति को फोन करके बताया पर युवती के देवर ने उसके 5 साल के मासूम के सामने ही मृतका का दुष्कर्म किया और बात किसी को बताए नहीं, इसलिए गले मे फंदा लगाकर उसकी हत्या करने के बाद उसके शव को लटका दिया।

### मर्सिडीज वाली मैडम के कटे 9 चालान

झांसी। झांसी में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां गाजियाबाद नंबर की एक मर्सिडीज कार के 9 चालान कट गए। हुआ यूं कि एक काले रंग की XUV गाड़ी फर्जी तरीके से मर्सिडीज कार का नंबर लगाकर झांसी की सड़कों पर दौड़ रही है। कभी सिग्नल तोड़ते हुए तो कभी ओवर स्पीड में चलते हुए सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जिसके बदले में 9 चालान काटे गए। मर्सिडीज कार की मालिक स्वेता त्रिपाठी हैं। पिछले माह उन्होंने चालान की डिटेल चेक की उनके होश उड़ गए। पता चला कि उनकी मर्सिडीज के 9 चालान के 19 हजार रुपए बकाया हैं। जबकि उनकी मर्सिडीज कार कभी झांसी ही नहीं आई। अब उन्होंने परिवहन विभाग के मुख्यालय में शिकायत की है। इसके बाद हरकत में आए आरटीओ और यातायात पुलिस ने XUV गाड़ी की तलाश शुरू कर दी है। स्वेता त्रिपाठी पत्नी प्रियाशील उपाध्याय गाजियाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली हैं। उनके पास 2018 मॉडल की एक मर्सिडीज बेंज है। उनके मोबाइल पर लगातार कार के चालान होने के मैसेज आ रहे थे। पिछले माह चालान की डिटेल चेक की तो पता चला कि मर्सिडीज कार के 9 चालान के 19 हजार रुपए बकाया है। ये सभी चालान 7 दिसंबर 2020 से 13 सितंबर 2023 के बीच में झांसी में कटे हैं।

### ससुरालियों से तंग युवक ने खाई चूहा-मार दवा

**बदायूं।** बदायूं में एक युवक ने जहर देकर जान देकर कोशिश की। आरोप है कि उसके ससुरालीजन उसे परेशान करते हैं और इसी से क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या की कोशिश की। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं रविवार को मजिस्ट्रेट ने भी उसका मृत्यु पूर्व बयान दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सदर कोतवाली इलाके के मोहल्ला खंडसारी में रहने वाले कदीर की शादी इसी मोहल्ले में रहने वाली युवती से तकरीबन सालभर पहले हुई थी। कदीर ने बताया की ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते हैं और उसकी बेगम नीलोफर को उसके घर नहीं भेज रहे हैं। उसने कई बार पत्नी को बुलाने की कोशिश की, मध्यस्थों को भी बीच में डाला लेकिन ससुरालीजन पत्नी को नहीं भेज रहे। इतना ही नहीं झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है। शनिवार रात युवक की हालत बिगड़ी तो परिवार वाले उसे सीधे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पता लगा कि युवक ने चूहा मारने की दवा खा ली है। स्टाफ ने जहर निकालने के बाद उसे भर्ती कर लिया। वहीं अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मामला अफसरों तक पहुंचा तो युवक का मजिस्ट्रेट ने बयान दर्ज किया है।

### एक ही परिवार में 2 की मौत...4 बेहोश

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत महमूदपुर शिवदास का पुरवा गांव में एक ही परिवार में कुछ घंटों के अंतराल से दो मौतों से कोहराम मच गया। वहीं दो मौतों से बच्चों समेत चार लोग बेहोश हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा है। जानकारी के अनुसार महमूदपुर शिवदास का पुरवा गांव निवासी सालिकराम (62) पुत्र ठनगनी शनिवार शाम गांव के बगल मेला देखकर शाम करीब साढ़े आठ बजे घर लौट अपने चचेरे भाई रमेश के घर सो गए। रविवार सुबह परिजन उन्हें जगाने पहुंच तो वे बेहोश मिले। आनन-फानन में परिवारीजन उन्हें एक निजी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग सालिकराम को लेकर घर आए। तभी मौत की जानकारी मिलने पर उनके चचेरे भाई रमेश (48) उन्हें देखने पहुंचे। चक्कर आने पर वे बेहोश होकर गिर गए। वहां मौजूद ग्रामीण उन्हें भी लेकर निजी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। एक ही परिवार में दो की मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया। वही ग्रामीणों में पतिराम (40) पुत्र अगनू, विशाल (18), गुड़िया (15), संगीता (15) भी घटना के बाद बेहोश हो गई। बेहोश हुए लोगों को ग्रामीणों ने एंबुलेस से अस्पताल पहुंचाया जहां सबका इलाज चल रहा है।


### पत्नी ने करायी प्रेमी से पति की हत्या

मिर्जापुर। मिर्जापुर के चुनार थाना क्षेत्र में 27 अक्टुबर को हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा किया। पत्नी के कहने पर ही उसके प्रेमी और भाई ने अन्य के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुदाल बरामद कर मृतक की पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं। यह खुलासा चुनार थाना में किया गया। थाना में क्षेत्र के जरहा गांव निवासी बुद्ध सिंह पुत्र स्व0रघुनाथ सिंह ने नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। लिखा था कि उसके 30 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार सिंह की साजिश के तहत हत्या की गई है। तहरीर के आधार पर चुनार पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ किया। विवेचना में साक्ष्यों को संकलित करते हुए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी पत्नी भावना सिंह, प्रेमी जयप्रकाश सिंह पुत्र शारदा सिंह, साला अनुप सिंह पुत्र स्व. रामबाबू सिंह तथा मंगरू उर्फ मंगला प्रसाद प्रजापति पुत्र गोरख,रामजीपुर थाना अदलहाट को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कुदाल व बिना नम्बर की डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद किया। मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट में सीज किया गया। कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी जय प्रकाश सिंह ने बताया कि उसका भावना सिंह से प्रेम प्रसंग शादी के पूर्व से चल रहा था। विवाह के बाद भी बात होती थी। जिसके बारें में जानकारी होने पर भावना के पति अनुज कुमार सिंह ने उसका मोबाइल ले लिया। जिससे हम लोगो की बात नहीं हो पा रही थी। भावना ने अपने पति के इलेक्ट्रानिक की दुकान पर कार्य करने तथा आने जाने के समय के बारें में जानकारी दी गयी। प्रेम संबंध में बाधा बन रहे पति हो रास्ते से हटाने की बात कही ।

# महाकुंभ 2025 : 67 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगा मेला क्षेत्र

## 2018-19 में बिजली पर खर्च हुए थे तकरीबन दो सौ करोड़

लखनऊ, 29 अक्टूबर। प्रयागराज का महाकुंभ 2025 हर दृष्टिकोण से ऐतिहासिक होने जा रहा है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए करोड़ों की संख्या में आस्थावान सनातनी पूरी दुनिया से प्रयागराज में उमड़ेंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर महाकुंभ को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। योगी सरकार ने महाकुंभ 2025 को सुरक्षित और सुविधाजन बनाने के लिए लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये का बजट पहले ही तय कर दिया है। वहीं अकेले बिजली की व्यवस्था पर ही सरकार तकरीबन



400 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है, जोकि 2018-19 के कुंभ की तुलना में दोगुना है।

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए लगेंगे 109 डीजी सेट

बता दें कि 2018-19 में सरकार ने 192 करोड़ रुपये खर्च किये थे, जबकि इस बार ये रकम 400 करोड़ के करीब है। पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र को दूधिया रोशनी से जगमग करने के लिए 67 हजार से भी अधिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

इनमें लगभग दो हजार सोलर हाईब्रिड स्ट्रीट लाइटें होंगी, जिन्हें प्रमुख घाटों और मेला क्षेत्र में सड़कों के जंक्शन पर स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए योगी सरकार 109 डीजी सेट की भी व्यवस्था करेगी। जिससे पूरे मेला क्षेत्र को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा 11 केवी के 15 रिंग मेन यूनिट्स भी लगाए जाएंगे, जिनसे अचानक पॉवर सप्लाई बाधित होने की दशा में तत्काल दूसरे स्त्रोत से बिजली को ऑटो चेंज करके प्राप्त किया जा सके। इन्हें हर 6 सब स्टेशन के बाद स्थापित किया जाएगा। मेला क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त मैन पॉवर और अत्याधुनिक उपकरणों के लिए योगी सरकार ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है।

# अब धारा प्रवाह अंग्रेजी भी बोलेंगे सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थी

लखनऊ। हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने एक और बड़ी पहल की है। प्रदेश में स्थित कुल 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकें, इसके लिए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समाज कल्याण विभाग की ओर से कोशिश शुरू हो चुकी है।

अशोक फैलो लीप फॉरवर्ड संस्था की ओर से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम अंग्रेजी साक्षरता प्रोग्राम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चला। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 10 तक अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षकों में अंग्रेजी विषय की समझ विकसित की जा रही है। इसके साथ ही अंग्रेजी भाषा को सरलता से समझने और बोलने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कक्षा 6 से 10 तक छात्र-छात्राओं की अंग्रेजी की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। दरअसल, सर्वोदय विद्यालय में ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। उनको धारा प्रवाह अंग्रेजी सिखाने के लिए कार्यक्रम हो रहा है। ऐसे में समाज कल्याण विभाग की कोशिश है कि शिक्षकों को अंग्रेजी में दक्ष किया जा सके, जिससे वे अंग्रेजी पढ़ने और बोलने में न तो रुकें और न ही हिचकिचाएं, बल्कि धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकें। वहीं छात्र-छात्राओं को भी अंग्रेजी में बोलने और सीखने का पाठ पढ़ाएंगे ताकि क्षेत्रीय भाषा पढ़ने वाले छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने और रोजगार पाने में कोई कठिनाई न हो।

# पीएसी जवान ने की गोली मारकर आत्महत्या

एजेंसी

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मेरापुर थाना क्षेत्र में रविवार को संकिसा बौद्ध तीर्थ स्थल में ड्यूटी पर तैनात पीएसी के एक जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय से करीब 38 किलोमीटर दूर,शरद पूर्णिमा के अवसर पर लंबे अंतराल से संकिसा बौद्ध तीर्थ स्थल के बौद्ध स्तूप परआयोजित होने वाले दो दिवसीय बौद्ध कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में 28 पीएसी वाहिनी इटावा से भेजे गए पीएसी जवानों में से जवान सचिन कुमार (27)ने आज सुबह राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

मेरापुर थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि संकिसा बौद्ध तीर्थ स्थल पर बौद्धों के आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रमों की सुरक्षा व्यवस्था में 28 पीएसी वाहिनी इटावा से आए पीएसी जवानों को, भदन्त विजय सोम इंटर कॉलेज में रोका गया था।

पीएसी जवानों में से जनपद हाथरस के थाना मुरसान के ग्राम नगला धर्मा का निवासी सचिन कुमार के खुदकुशी करने की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

पुलिस द्वारा आत्महत्या करने वाले पीएसी जवान के पारिवारिक जनों को तत्काल सूचना भेजी गई और उनके आने की प्रतीक्षा की जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ भेजने की अग्रिम कार्रवाई शुरू की गई।

### जहर खाने से हुई पत्रकार की मौत

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में पत्नी के मायके जाने से शुब्ध होकर जहर खाने वाले पत्रकार की रविवार को मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार सराय अकिल कस्बा निवासी कनितकर अग्रहरि की पत्नी सोनम एक वर्ष पूर्व मायके चली गई थी कई बार बुलाने पर नही आई बल्कि सोनम के परिवार जनों द्वारा कनितकर को प्रताड़ित किया जाता रहा जिसके चलते तीन दिन पूर्व उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी स्थिति गंभीर होने पर परिजनों से उसे इलाज के लिए प्रयागराज के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस ने मृतक को आत्महत्या के उकसाने के आरोप में पत्नी सोनम, ससुर सुरेश, सास सुनीता ,साला संजय ,मामा राजू ,मौसी दीना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण ने बताया के मामले की जांच की जा रही है।

# बोलेरो गाड़ी-लोडर की भिड़ंत में दो बुर्जुगों की मौत, पांच घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के नसीराबाद इलाके में रविवार सुबह बोलेरो गाड़ी और सब्जी से लदी लोडर गाड़ी की भिड़ंत से दो बुजुर्गों की मौत हो गयी तथा पांच सवार घायल हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नसीराबाद इलाके में सुबह करीब साढ़े छह बजे सवारी लेकर जा रही बोलेरो गाड़ी और सब्जी से लदी लोडर गाड़ी की भिड़ंत से दो बोलेरो सवार की दर मौत हो गई जबकि चार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए है। गंभीर रूप से घायल हुए लोगो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है तथा एक घायल की प्राथमिक चिकित्सा कर उसे छोड़ दिया गया। बताया गया कि ऊंचाहार सलोन व उसके आसपास के क्षेत्र के रहनेवाले करीब 7 लोग बोलेरो में सवार होकर अयोध्या की ओर जा रहे थे उधर दूसरी




ओर से जायस इलाके का सब्जी से भरा हुआ लोडर जा रहा था वही अचानक बहुरि नाले के पास दोनो गाड़ियों की साइड बॉडी की भिड़ंत में बोलेरो नाले मे चली गयी जिससे विकास चन्द्र (45) और संजीव शुक्ला (60) की मौत हो गयी। जबकि शिवकुमार, सुजीत और महेश गंभीर रूप से घायल है और जिला अस्पताल रेफर किये गए हैं जहां उनका इलाज चल रहा है। दो अन्य घायलों के नाम पुलिस पता कर रही है क्योंकि यह सभी लोग अलग अलग क्षेत्रो के रहनेवाले है तथा गंभीर हालत में होने के कारण ठीक से एक दूसरे के बारे में कुछ बता नही पा रहे हैं। दुर्घटना के बाद सभी को समीप की सीएचसी ले जाया गया था जहाँ दो लोगो को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और चार गंभीर रूप से हुए घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था एक घायल को कम चोटें थी इसलिए उसका इलाज कर उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

जिस लोडर से दुर्घटना हुई थी उसको पुलिस ने अपने कब्ज़े में ले लिया है जबकि उसके चालक और क्लीनर फरार हो गए हैं जिनकी तलाश की जा रही है। अभी पीड़ितों और मृतको के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नही आई है इसलिए मुकदमा दर्ज नही हुआ है। शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# फर्नीचर मार्केट में लगी आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद नगर नगर के रामलीला मैदान परिसर में स्थित फर्नीचर मार्केट में रविवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई । आग की चपेट मे आने से करीब 150 दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो जाने से करोड़ों रुपये का नुक़सान होने का अनुमान है।

आग की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन ने दमकल विभाग की मदद से 06घन्टे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । नगर के मध्य स्थित रामलीला मैदान के काठ बाजार में रविवार को सुबह अचानक आग की लपटें देखकर क्षेत्र मे अफरातफरी मच



गई। कुछ दुकानदार दुकानों में अंदर सो रहे थे। उन्होंने भी फायर ब्रिगेड और पुलिस के अधिकारियों को हादसे की सूचना दी गई 7 जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेडकर्मी और जिलाधिकारी एसएसपी आदि अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंच गए।

विधायक मनीष असीजा और महापौर कामिनी राठौर ने भी अग्निकांड स्थल पर पहुंचे निगम कर्मचारियो को भी राहत कार्य में लगाया गया। आग के विकराल रुप को देखते हुए जिले के अलावा अन्य जिलों की भी दमकल गाडियों को बुलाना पडा। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने पहुंचकर सुरक्षा की दृष्टि से समीप मे रह रहे क्षेत्र में लोगों के मकानों को खाली करा दिया गया। फायर ब्रिगेड टीम के करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका जिसमे सभी अस्थायी दुकानें जलकर खाक हो गई है।

अग्निकांड के विषय में जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार एवं एसएसपी आशीष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब साढे चार बजे आग लगने की जानकारी मिलने पर जिले की दमकलों के अलावा आगरा और मैनपुरी से दमकलों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है । आग लगने के कारण की जांच कराई जाएगी । फिलहाल मार्केट में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लगना माना जा रहा है,सही कारण जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

# सेंध लगाकर कपड़े की दुकान से चोरों ने उड़ाया हजारों का माल

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के शिखापुर बाजार में कपड़े की दुकान में सेंध लगाकर चोरों ने नकदी सहित हजारों का सामान साफ कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के सीखापुर बाजार में स्थित कपड़े की दुकान मे शनिवार की रात सेंध फोड़ कर घुसे चोर कैश बाक्स सहित कीमती साड़ी व अन्य सामान उठा ले गए। चोरी की सूचना पर पहुची पुलिस मौका मुआयना कर वापस लौट गई। बताया जाता है कि सीखापुर गांव निवासी अनिल कुमार पांडेय की बाजार में कपड़े की दुकान है। रोज की तरह वह अपनी दुकान बंद कर रात्रि में घर चले गए। रात में चोरों ने उनकी दुकान मे सेंध लगायी और अंदर घुस कर कीमती साडी, स्वेटर, इनर व कैश बाक्स उठा ले गए। सुबह आसपास के लोगों ने जब दुकान में नकब लगी देखा तो उन्होंने अनिल को जानकारी दी ।चोरी की सूचना मिलते ही अनिल मौके पर पहुंच गए। चोरी की घटना की सूचना यूपी डायल-112 को दी गई।

# तेरहवीं का खाना खाकर 700 लोग हुए बीमार

झांसी। झांसी में पूर्व प्रधान के पिता की तेरहवीं में खाना खाकर करीब 700 लोग बीमार पड़ गए। उनको पेट में दर्द, उल्टी, दस्त, मुंह में सूजन जैसी शिकायत हो गई। बीमार लोग धीरे-धीरे अस्पताल पहुंचने लगे। जिसके बाद एरिया के सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पताल फुल हो गए।

सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गांव में मेडिकल कैंप लगाया गया है। घर-घर जाकर लोगों को दवा दी जा रही है। बरौदा गांव के अलावा 6 अन्य गांवों में भी लोग बीमार हैं। सबसे ज्यादा बीमार बरौदा में हैं। मामला पूंछ थाना क्षेत्र का है। बरौदा गांव के पूर्व प्रधान लाखन सिंह राजपूत के पिता भगवान दास की मौत हो गई थी। उनकी तेरहवीं 27 अक्टूबर को थी। करीब 3 हजार लोगों को भोज के लिए आमंत्रित किया गया था। शाम से देर रात तक खाना-पीना चला। खाना खाकर लोग अपने-अपने घर चले गए।

अगले दिन सुबह से ही लोग बीमार पड़ने लगे। लोगों को पेट दर्द, दस्त, उल्टी और मुंह में सूजन हो गई। बरौदा के अलावा बाबई, कुइया, सेरसा, खूर्ज, पूंछ, घौरका सहित अन्य गांवों में भी लोग बीमार पड़ गए।

# नमक लेने निकली किशोरी का अपहरण, नदी में फेंका

## हालत गंभीर, हैलट रेफर, पुलिस बोली- प्रेमी के साथ परिजन ने देखा तो खुद कूदी

फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर में घर से नमक लेने निकली 16 साल की किशोरी का मेला देखने आए 4 युवकों ने अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे नए पुल पर ले गए। वहां लड़की के विरोध करने पर युवकों ने किशोरी को पुल से यमुना नदी में फेंक दिया। नदी किनारे नाव में बैठे मछुआरों ने देखा तो किशोरी को बाहर निकाला।

उससे जानकारी लेकर परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाई। इसके बाद पुलिस पिता के साथ पीड़िता को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया। हालांकि पुलिस



ने अपहरण से इनकार किया है। इसे प्रेम-प्रसंग का मामला बताया है। कहा परिवार ने दोनों को देखा तो वह खुद नदी में कूद गई।

किशनपुर थाना क्षेत्र के कस्बे में मेला चल रहा है, जिसको देखने के लिए गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर कुछ रिश्तेदार शनिवार रात में पहुंच गए। जिनके लिए घर पर भोजन की व्यवस्था के दौरान नमक खत्म हो गया।

नमक लेने के लिए किशोरी घर से दुकान जा रही थी। इसी बीच 4 युवकों ने उसे उठा ले गए। इसके बाद उसे नए पुल पर ले गए। वहां लड़की के चिल्लाने और हाथ-पैर झटकने पर युवक डर गए और उसे गुस्से में नीचे नदी में फेंक दिया। नदी के किनारे नाव पर मौजूद मछुआरों की नजर पड़ी तो किशोरी को बाहर निकाला।

### 'मुंह बंदकर बाइक में जबरन बैठाकर ले गए'

पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटी घर से नमक लेने गई थी। रास्ते में चार लड़के उसका मुंह बंदकर बाइक में जबरन बैठाकर ले गए। इसके बाद उसे पुल से नदीं में फेंक दिया। वहां नदी किनारे मछुआरों ने लड़की को बाहर निकाला। हमारे पास फोन किया तो हम 10-20 आदमी तुरंत वहां पहुंचे। वहां से लड़की घर ले आए फिर अस्पताल ले गए। घर पर दारोगा जी ने भी छानबीन की और लड़की ने बयान भी दिया। आरोपी कौन थे, हमें नहीं पता। बेटी भी नहीं पहचानती है। हमारे यहां तो मेहमान आए थे, हम उनके लिए खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे।

# मेरठ में ग्रामीणों ने विद्युत कर्मियों को पीटा-बंधक बनाया

मेरठ। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के शालीमार गार्डन में रविवार को चेकिंग के नाम पर उगाही करने पहुंचे विद्युत कर्मचारियों को लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई करते हुए बंधक बना लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह भीड़ से विद्युत कर्मियों को बचाया और थाने ले आई। महिलाओं ने विद्युत कर्मियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। महिला का आरोप है कि चार युवक



खुद को विद्युत कर्मी बताते हुए उसके घर में घुस आए और मीटर में कमी बताते हुए चार लाख रुपए की डिमांड करने लगे ।उसने मामले की जानकारी अपने परिवार के लोगों को दी तो आरोपी महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसके कपड़े फाड़ कर भागने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान महिला ने शोर मचा दिया शोर सुनकर महिला के परिवार व आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और बिजली कर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटते हुए एक कमरे में बंधक बना लिया। घटना की जानकारी मिलने पर लिसाड़ी गेट पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ से विद्युत कर्मियों को बचाकर थाने ले आई। महिला के परिवार वालों का आरोप है कि आरोपी संविदा विद्युत कर्मी है और उनका चेकिंग से कोई लेना देना नहीं है। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने बताया कि आरोपी संविदा कर्मी आए दिन विद्युत विभाग के नाम पर छापेमारी कर उगाही कर रहे थे। पिल्लोखडी चौकी प्रभारी पंकज शर्मा का कहना है कि विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट की सूचना मिली थी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर संविदा विद्युत कर्मियों को भीड़ से बचाया और दोनों पक्षों को चौकी लाया गया है।

### पलवल में 30 फुट ऊंचे टावर पर लगाया फंदा

पलवल। हरियाणा के पलवल में नेशनल हाईवे-19 किनारे बघौला गांव में एक व्यक्ति ने बिजली के हाईटेंशन टावर पर करीब 30 फुट ऊपर चढ कर अपनी ही कमीज से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को हॉईड्रा की मदद से टावर से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से आजमगढ़ के लपसीपुर गांव निवासी अजीत कुमार ओझा ड्राइवर की नौकरी करता था। वह लंबे समय से बघौला गांव में ही रहता था। रात के समय वह हाईवे किनारे हाईटेंशन टावर पर चढ गया और अपनी ही कमीज से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह होने पर हाईवे से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर उस पर गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। हाईवे की टीम भी एंबुलेंस व क्रेन लेकर मौके पर पहुंची, लेकिन टावर की उंचाई अधिक होने के कारण शव को बिना हाइड्रा नीचे नहीं उतारा जा सका। हाईवे पर रात में किसी वक्त आत्महत्या के बाद शव हाईटेंशन टावर पर ही लटका रहा।

## शार्ट न्यूज

### धोनी बने स्टेट बैंक ने ब्रांड एंबेसडर

नयी दिल्ली। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एसबीआई के ब्रांड एंबेसडर के रूप में धोनी विभिन्न विपणन और प्रचार अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। तनावपूर्ण स्थितियों में संयम बनाए रखने की उनकी उल्लेखनीय क्षमता और दबाव में स्पष्ट सोच और त्वरित निर्णय लेने की उनकी क्षमता उन्हें देश भर में अपने ग्राहकों और हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एसबीआई के साथ मेल खाने वाला आदर्श विकल्प बनाती है। यह सहयोग विश्वसनीयता और नेतृत्व के मूल्यों को दर्शाते हुए, अपने ग्राहकों के साथ गहरे संबंध बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खरे ने कहा, हमें एमएस धोनी को एसबीआई के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करते हुए खुशी हो रही है। एक संतुष्ट ग्राहक के रूप में श्री धोनी का एसबीआई के साथ जुड़ना उन्हें हमारे ब्रांड के लोकाचार का एक आदर्श अवतार बनाता है। साझेदारी, हमारा लक्ष्य विश्वास, अखंडता और अटूट समर्पण के साथ राष्ट्र और अपने ग्राहकों की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।

### फिन्फ्लुएंशर्स पर सेबी सख्त

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोशल मीडिया पर बाप ऑफ चार्ट हैंडल चलाने वाले फाइनेंशियल इन्फ्लुएंशर या फिन्फ्लुएंशर मोहम्मद नसीरुद्दीन अंसारी पर बुधवार को पाबंदी लगा दी। बाजार नियामक ने उनसे गैर-पंजीकृत निवेश परामर्श के बदले में लिए गए 17.2 करोड़ रुपये भी ग्राहकों को लौटाने को कहा है। बाप ऑफ चार्ट का संचालन मोहम्मद नासिर संचालित करते हैं। उनके यूट्यूब पर 443,000 से अधिक ग्राहक हैं और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उनके 83,000 अनुयायी हैं और उनपर व्यापारिक सिफारिश करने और कोर्स बेचने के आरोप हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अंसारी फर्म बाप ऑफ चार्ट (बीओसी) का एकमात्र मालिक हैं। वह खुद को सोशल मीडिया पर एक शेयर बाजार विशेषज्ञ बताते हैं और ग्राहकों को अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों में नामांकन करने के लिए कहते हैं। सेबी के अनुसार, अंसारी ने यूट्यूब, एक्स, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर स्टॉक सिफारिशें प्रदान दी। उन्होंने मोबाइल ऐप शेयर बाजार से जुड़े कोर्सेस भी भेजे। वे अपने ऐप के माध्यम से लगभग 19 कोर्स बेच रहे थे।

### डेडलाइन से दो दिन पहले तक, महज एक तिहाई कंपनियों ने फाइल किए फाइनैंशियल स्टेटमेंट्स

भारत में कंपनी ऐक्ट के तहत रजिस्टर्ड कंपनियों के फाइनैंशियल स्टेटमेंट्स दाखिल करने की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर यानी आज है। इस बीच, रविवार को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने आंकड़े जारी कर बताया कि 27 अक्टूबर तक कुल एक्टिव कंपनियों में से लगभग 30 प्रतिशत कंपनियों ने ही अपने वित्तीय विवरण (फाईनेंशियल स्टेटमेंट्स) दाखिल किए थे और बहुत कम कंपनियों ने ही अपने पिछले वित्तीय वर्ष के वार्षिक रिटर्न की सबमिट किए थे। एमसीए ने सभी शेयरहोल्डर्स से इन दोनों रिटर्न को समय पर फाइल करने और 29 अक्टूबर को समाप्त होने वाली आखिरी तारीख का इंतजार न करने के लिए कहा है। पिछले साल भी, MCA ने MCA पोर्टल पर अधिक बोझ से बचने के लिए शेयरहोल्डर्स से इसी तरह की रिक्वेस्ट की थी। MCA डेटा से पता चला है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, 27 अक्टूबर 2023 तक, 3.86 लाख फाइनैंशियल स्टेटमेंट्स और 2.08 लाख एनुअल रिटर्न फाइल किए गए हैं, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान 2.28 लाख फाइनैंशियल स्टेटमेंट्स और 1.44 लाख एनुअल रिटर्न फाइल किए गए थे।

### भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण बाजार, निवेश और विद्युतीकरण में तेजी लाएंगे

जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर कंपनी लि. अपनी भविष्य की विकास रणनीति के तहत अपने प्रमुख बाजार भारत में निवेश करना जारी रखेगी। इसके साथ ही कंपनी अपने वाहनों के विद्युतीकरण में तेजी लाएगी। कंपनी का लक्ष्य 2050 तक कॉर्बन निरपेक्षता हासिल करने का है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। होंडा मोटर के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशीहिरो मिबे ने कंपनी के मुख्यालय में भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, ''वैश्विक स्तर पर होंडा अन्य कंपनियों के साथ गठजोड़ और सहयोग के लिए तैयार है। लेकिन यह गठजोड़ परिवहन के क्षेत्र में सभी के लिए लाभ का होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमारी रणनीति 2050 तक कार्बन निरपेक्षता हासिल करने की है। इसके लिए हमने 2030-35 और 2040 के लिए लक्ष्य तय किए हैंज्होंडा के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। यह ऐसा बाजार है जहां कार और दोपहिया दोनों में विद्युतीकरण तेजी से हो रहा है।'' भारत के महत्व को रेखांकित करते हुए एशियन होंडा मोटर कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ तोशियो कुवाहारा ने कहा, ''भारतीय बाजार अपने आकार के कारण हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह पहले से ही बिक्री के मामले में हमारे लिए दुनिया में सातवें स्थान पर है।'' उन्होंने कहा कि चीन को छोड़कर जब हम एशिया-प्रशांत क्षेत्र को देखते हैं, तो विद्युतीकरण या इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जो बाजार महत्वपूर्ण होने वाला है, वह भारत है। हमें लगता है कि भारत पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

### लोकसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ला सकती है अनुपूरक बजट

लोकसभा चुनावों से पहले कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही लोक लुभावन परियोजनाओं को रफ्तार देने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अनुपूरक बजट लाएगी। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट लाने की तैयारी की जा रही है। वह चालू वित्त वर्ष का पहला अनुपूरक बजट होगा जिसके लिए विभिन्न विभागों से प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। अनुपूरक बजट में सालाना बजट के बाद ऐलान की गई बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए धनराशि की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही भारतीय जनता पार्टी के लोक संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने की कोशिश होगी। वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले साल लोकसभा चुनावों के चलते सालाना बजट के स्थान पर लेखानुदान लाने की संभावना है। इसको देखते हुए और लोकसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर में कई बड़ी परियोजनाओं के साथ ही चुनावी घोषणाओं के लिए धनराशि की व्यवस्था अनुपूरक बजट के जरिए ही की जानी है। आगरा, गोरखपुर और कानपुर मेट्रो परियोजनाओं, बन रहे नए एयरपोर्ट, सड़क परियोजनाओं के साथ ही विभिन्न जिलों में बन रहे मेडिकल कॉलेजों के लिए धन की अतिरिक्त व्यवस्था अनुपूरक बजट में की जा सकती है।

# भारत का मलेशिया, इंडोनेशिया और सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

नई दिल्ली। भारत का मलेशिया, इंडोनेशिया और सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात इस वर्ष सितंबर में दोगुना हो गया वहीं कुल शिपमेंट में सात प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) की रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2023 में मलेशिया को इंजीनियरिंग निर्यात 17.83 करोड़ डॉलर रहा जबकि सितंबर 2022 में 8.9 करोड़ डॉलर रहा था। इसी अवधि में 14.36 करोड़ डॉलर की तुलना में इंडोनेशिया को शिपमेंट 28.57 करोड़ डॉलर रहा। सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात सितंबर 2023 में 45.59 करोड़ डॉलर रहा, जो इसके पिछले वर्ष के 22.72 करोड़ डॉलर से 100.6 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि के दौरान रूस को निर्यात दोगुना से अधिक हो गया। इस साल सितंबर में, रूस को इंजीनियरिंग निर्यात का मूल्य साल-दर-साल 119 प्रतिशत बढ़कर 11.11 करोड़ डॉलर हो गया। इस वर्ष सितंबर में साल-दर-साल सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले अन्य प्रमुख बाजारों में चीन, जर्मनी, ब्रिटेन, सिंगापुर, तुर्की, जापान और बेल्जियम शामिल हैं।




वहीं, भारतीय इंजीनियरिंग सामानों के लिए सबसे बड़ा बाजार, अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात हालांकि सितंबर 2023 के दौरान नकारात्मक रहा। इस साल सितंबर में अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात का मूल्य 1.43 अरब डॉलर रहा, जो इसके पिछले वर्ष के सितंबर के 1.51 अरब डॉलर के मुकाबले 5.3 प्रतिशत कम है।

रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 में इलेक्ट्रिक मशीनरी, जहाज और नाव तथा तांबा और तांबा उत्पादों के उच्च निर्यात के कारण समग्र इंजीनियरिंग निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि विमान, लौह एवं इस्पात तथा एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम उत्पादों के निर्यात में गिरावट आई। लौह और इस्पात के निर्यात को छोड़कर इंजीनियरिंग निर्यात ने सितंबर 2023 में साल-दर-साल 8.77 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुण कुमार गरोडिया ने कहा, अन्य देशों की तुलना में इस्पात की कीमतें काफी ऊंची हैं। हालांकि संचयी संदर्भ में निर्यात अभी भी नकारात्मक बना हुआ है। हमने देखा है कि लोहा और इस्पात को छोड़कर संचयी निर्यात प्रवृत्ति सकारात्मक बनी हुई है इसलिए हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि लोहा और इस्पात मुख्य उत्पाद है, जो भारत के इंजीनियरिंग निर्यात को नीचे की ओर ले जा रहा है।

गरोडिया ने आगे कहा कि प्रमुख निर्यात साझेदारों जैसे यूरोपीय संघ टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के सुरक्षात्मक रुख और इस्पात वस्तुओं पर संरक्षण और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ भी इस्पात निर्यात को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में हम सरकार से यूरोपीय संघ के साथ सुरक्षा और टीआरक्यू मुद्दों पर चर्चा करने का अनुरोध करते हैं।

क्षेत्रवार पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए), उत्तर-पूर्व एशिया, उप-सहारा अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और आसियान जैसे प्रमुख गंतव्यों में सितंबर 2023 के दौरान निर्यात में वृद्धि दर्ज की, जबकि उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ के देशों, दक्षिण एशिया और ओशिनिया में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। साल-दर-साल गिरावट आई। केंद्रीय वाणिज्य विभाग के त्वरित अनुमान के अनुसार, सितंबर 2023 में भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी 23.58 प्रतिशत रही।

# इजराइल-हमास संघर्ष और आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में जबरदस्त तेजी के दबाव में बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत लुढ़क चुके घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह इजराइल-हमास संघर्ष और स्थानीय स्तर पर पीएमआई एवं कंपनियों के तिमाही परिणाम जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1614.82 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 63782.80 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 495.4 अंक यानी 2.53 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19047.25 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी भारी बिकवाली का दबाव रहा। मिडकैप 768.35 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 31112.51 अंक और स्मॉलकैप 1310.69 यानी 3.43 प्रतिशत टूटकर 36888.03 अंक रह गया।




जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रही अशांति और भविष्य की आर्थिक वृद्धि पर उच्च ब्याज दरों के संभावित प्रभावों पर चिंताओं के कारण निवेशकों के विश्वास में गिरावट आई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है। हालांकि, अमेरिका की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि का अनुकूल होना और अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी आने के कारण बॉन्ड यील्ड में कमी आने से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन में घरेलू सूचकांकों में कुछ सुधार हुआ है।

वहीं, वैश्विक बाजार की अस्थिरता से घरेलू बाजार में सुधार में देरी होने की उम्मीद है क्योंकि वैश्विक बाजार ऊंची ब्याज दर और भू-राजनीतिक तनाव के कारण दुनिया की अर्थव्यवस्था में और मंदी के जोखिम का खतरा है। एफएमसीजी, उपभोग, उर्वरक जैसे क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे, आवास जैसे मुख्य क्षेत्रों में संभावित विकास के अवसर पेश करने की उम्मीद है। अल्पावधि में, बाजार की धारणा सतर्क बनी हुई है निवेशक पश्चिम एशिया के विकास, कंपनियों के तिमाही परिणाम और घरेलू पीएमआई सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह टीवीएस मोटर, भारती एयरटेल, एलटी, आईओसीएल, गेल इंडिया, अडानी टोटल गैस, टाटा स्टील, सन फार्मा, हीरो मोटोकॉर्प, इंद्रप्रस्थ गैस, अडानी इंटरप्राइजेज, टाटा मोटर्स, अडानी पावर, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं।

बीते सप्ताह मंगलवार को दशहरा पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। इनमें से तीन बाजार में हाहाकार रहा जबकि एक दिन तेजी आई। इजरायल-हमास युद्ध के बीच अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी से विश्व बाजार में भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 825.74 अंक का गोता लगाकर 64,571.88 अंक और निफ्टी 260.90 अंक की गिरावट लेकर 19,281.75 अंक पर आ गया।

इजराइल-हमास संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में बुधवार को सेंसेक्स 522.82 अंक का गोता लगाकर 64049.06 अंक और निफ्टी 159.60 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 19122.15 अंक पर आ गया।

इसी तरह अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के ग्यारह आधार अंक बढ़कर पांच प्रतिशत के करीब पहुंचने से फेड रिजर्व के ब्याज की दर को आगे भी उच्च स्तर पर बनाये रखने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 900.91 अंक लुढ़ककर 63148.15 अंक और निफ्टी 264.90 अंक की गिरावट के साथ 18857.25 अंक रहा गया।

वहीं, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के आंकड़े से विश्व बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणाम से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 634.65 अंक की उड़ान भरकर 63782.80 अंक और निफ्टी 190 अंक की तेजी के साथ 19047.25 अंक पर पहुंच गया।

# जियो का एआई सॉल्युशन देगा रियल टाइम ट्रांसलेशन व ट्रांसक्रिप्शन

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने एआई टेक्नोलॉजी आधारिक स्किल डेवलपमेंट सॉल्युशन के माध्यम से भाषाओं की दीवार को तोड़ते हुये रियल टाइम ट्रांसलेशन एवं ट्रांसक्रिप्शन सहित कई सुविधाओं का प्रदर्शन किया है।

राजधानी में आज संपन्न तीन दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस में यह प्रदर्शन किया गया। मुकेश अंबानी ने करीब दो माह पहले रिलायंस की वार्षिक बैठक में 'एमआई फॉर एवरीवन' की वकालत की थी और दो महीनों में जियो स्वदेशी एआई टेक्नोलॉजी की झलक दिखाई दी है।

जियो का यह सॉल्युशन, भाषाओं की दीवारें गिरा देता है। इसकी सबसे बड़ी खूबी है कि यह रियल टाइम में एक भाषा का कई भाषाओं में अनुवाद कर सकता है। अगर दिल्ली में बैठा कोई शिक्षक अंग्रेजी में ऑनलाइन पढ़ा रहा होगा तो चेन्नई, कोलकता, अहमदाबाद और मुंबई में बैठे छात्र इसे क्षेत्रीय भाषाओं यानी तमिल, बंगाली ,गुजराती और मराठी में सुन सकेंगे। अभी यह सॉल्युशन तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बंगाली, तेलगु, मलयालम, अंग्रेजी और हिंदी जैसी नौ भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है।

यह सॉल्युशन जियो ने रेडिसिस के साथ साझेदारी में बनाया है। इस भाषाई सॉल्युशन का इस्तेमाल करना बेहद आसान है। जियो-मीट के जरिए जियो-रेडिसिस प्लेटफॉर्म लॉगइन कर, अपनी पसंदीदा भाषा का चुनाव करें। एक बार लॉगइन होने पर छात्र या प्रशिक्षु को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हुई बातचीत का लाइव अनुवाद यानी ऑडियो और ट्रांसक्रिप्शन मिलने लगेगा। भविष्य की जरूरतों के लिए इस अनुवाद और ट्रांसक्रिप्शन को प्रिंट या डिजिटल तौर पर रखा जा सकता है। जियो के सॉल्युशन में कंटेंट शेयरिंग की भी सुविधा भी उपलब्ध है।

अनुवाद के साथ यह टू-वे इंटरैक्टिव कम्युनिकेशन को भी सपोर्ट करता है। इसका मतलब छात्र या प्रशिक्षु केवल सुन ही नही रहे होंगे वे चाहें तो अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में सवाल भी पूछ सकेंगे। अगर मुंबई में बैठा कोई छात्र या प्रशिक्षु मराठी में सवाल करता है तो बाकी छात्र, शिक्षक या ट्रेनर उसे अपनी-अपनी पसंद की भाषा में सुन सकेंगे इससे पढ़ाई और प्रशिक्षण के अनुभव को इंटरैक्टिव और बेहतर बनाया जा सकता है।

# भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यस्था बनेगा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत सरकार का दावा है कि देश की अर्थव्यस्था में अभूतपूर्व बदलाव हो रहे हैं। इसी बीच नीति आयोग ने कहा है कि 'विजन इंडिया एट 2047' का मसौदा तैयार किया जा रहा है। नीति आयोग के शीर्ष अधिकारियों में एक बीवीआर सुब्रमण्यम के अनुसार देश की इकोनॉमी अगले 24 साल में 30 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था विकसित श्रेणी में भी गिनी जाएगी।

## सुधारों की रूपरेखा तैयार

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रमण्यम के अनुसार, आयोग 'विजन' (लक्ष्य) दस्तावेज तैयार कर रहा है। रविवार को सुब्रमण्यम ने कहा, देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी संस्थागत और संरचनात्मक बदलाव/सुधारों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

उन्होंने कहा, दस्तावेज का टाइटल 'विजन इंडिया एट 2047' रखा गया है। यह मसौदा दिसंबर 2023 तक तैयार हो जाएगा। बीवीआर सुब्रमण्यम के अनुसार मसौदा तैयार होन के बाद अगले तीन महीनों में इसे पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, 2047 तक भारत करीब 30 लाख करोड़ डॉलर (29.2 लाख करोड़ डॉलर) की विकसित अर्थव्यवस्था बन सकती है। इसके लिए एक 'विजन' प्लान तैयार किया जा रहा है। नागरिकों को मध्यम-आय के जाल से बचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे नीति आयोग की योजना के बारे में बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा, आयोग मध्यम-आय के जाल को लेकर चिंतित है... भारत को गरीबी और मध्यम-आय का जाल तोड़ना पड़ेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी की अपील, वर्ल्ड बैंक का पैमाना

गौरतलब है कि मई, 2023 में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक हुई थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों से देश को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर चलने को कहा था। पीएम मोदी के आह्वान के अलावा ये जानना भी जरूरी है कि विश्व बैंक किस इकोनॉमी को उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में परिभाषित करता है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार, प्रति व्यक्ति करीब 10 लाख रुपये (12,000 डॉलर) से अधिक की वार्षिक आय वाले देशों को उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था माना जाता है।

# ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे : रशियन हाउस में आईएआरसी का पीपुल्स यूनिटी डे

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली स्थित रशियन हाउस ने इंडियन असोसिएशन ऑफ रशियन कम्पेट्रियॉट्स (आईएआरसी) के साथ साझेदारी में एकता दिवस के उपलक्ष्य में किये गये सांस्कृतिक समारोह के आयोजन के माध्यम से रूस और भारत की समृद्ध तथा विविधतापूर्ण परंपराओं का प्रदर्शन किया गया।

गौरतलब है कि रूस में हर साल 4 नवंबर को एकता दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम से नई दिल्ली में रूस के नागरिक और उनके परिवार एकता, संस्कृति और कलात्मक अभिव्यक्ति का जश्न मनाने के लिए एक ही प्लेटफॉर्म पर एकत्र हुए। इस समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कला के माध्यम से रूस और भारत की परंपराओं को एकजुट करना और सांस्कृतिक और विविध क्षेत्रों में एकता को पेश करना था।

इसमें भारत में रह रहे प्रोफेशनल रूसी पेंटरों और कलाकारों की खूबसूरत पेंटिंग एग्जिबिशन और उनकी मधुर यादों का जश्न मनाया गया। इस प्रदर्शनी में चित्रकारों ने अपने कैनवास पर भारत की खूबसूरती को बेहतरीन ढंग से उतारा है। उनकी चित्रकारी में जयपुर की व्यस्त सड़कों से लेकर राजस्थान के लोकसंगीत और भगवान शिव की दैवीय खूबसूरती को साक्षात देखा जा सकता है। इन पेंटर्स के ब्रश से उभरे भारत की खूबसूरती के अलग-अलग रंग भारत के प्रति उनके बेमिसाल प्यार का प्रतीक है। इन कलाकारों ने अपने कौशल को जिंदा रखा है और हमारे देश की समृद्ध कलात्मक विरासत में योगदान दिया है। दूसरी प्रदर्शनी में डोनबास के छोटे बच्चों ने अपनी कला के जौहर दिखाए हैं। इसमें उन्होंने ब्रश और मोमी कलर की पेंसिल का इस्तेमाल कर अलग-अलग चित्र बनाए हैं। वह संघर्ष की कड़वी हकीकत को जानते हैं और उन्होंने अपनी पेंटिंग में आशा, प्यार, एकता और सदभाव के अलग-अलग रूपों को पेश किया है। चाहे वह उनके कमरों की खिड़कियों से टैंक और जले हुए पेड़ों को देखना है. या हरियाली और चिड़ियों के सुकून भरे शांतिपूर्ण माहौल से इसकी तुलना करनी हो या देश की सुरक्षा के लिए घर पर अपने प्रियजनों को छोड़कर युद्ध भूमि में जाते सैनिक का चित्र हो, इन बच्चों ने हर तरह के विजन को जिस खूबसूरती से उभारा है, उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। चाहे बेटों की सुरक्षित वापसी की उम्मीद में उन्हें विदा करती माताओं का चित्र हो या छोटी बच्ची के बाग से फूल तोड़ने या प्लेग्राउंड में झूला झूलने वाला चित्र हो। इन बच्चों की हर पेंटिंग शांतिपूर्ण भविष्य के लिए उनका सपना है, जो हम सबको एकजुटता के सूत्र में पिरोकर उज्जवल और बेहद सुखद भविष्य के लिए काम करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करता है।

इस कार्यक्रम में श्रीमती ऐलना बर्मन ने कहा, रशियन हाउस में पीपुल्स यूनिटी डे का समारोह भारत और रूस की संस्कृति के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतीक है। यह भारत और रूस के बीच मजबूत और लंबे समय तक चलने वाले स्थायी संबंध बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारा विश्वास है कि एक दूसरे की परंपराओं का जश्न मनाकर हम संबंधों को मजबूत कर सकते हैं, जो हमारे देशों को आपस में जोड़ते है।

भारत में रशियन हाउस के निदेशक ओलेग ओसिपोव ने कहा, रशियन हाउस में हमारा मानना है कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान एक ऐसा पुल है, जो दो देशों को आपस में जोड़ता है। रूस की संस्कृति के बेहतरीन पहलुओं को प्रदर्शन और भारत-रूस की एकता को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य भारत और रूस के इस रिश्ते को और मजबूत बनाना है। इस राष्ट्रीय एकता के दिन (4 नवंबर) और इसके बाद भी दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है।

इस कार्यक्रम का सभी को अपनी ओर आकर्षित करने वाला क्षण वह था, जब रूस की महिलाओं ने राष्ट्रीय एकता दिवस के समारोह को मनाने के लिए साड़ी पहनी। इस अवसर पर प्रोफेशनल ओपेरा सिंगर की ओर से म्यूजिकल परफॉर्मेंस दी गई, जिसने वहां बैठे सभी दर्शकों की आंखों को नम कर दिया।

यह अंदाज रूस और भारत के बीच एकता और संस्कृति के मिश्रण का गर्मजोशी से भरा प्रतिनिधित्व था, जिसने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को उभारा। इस इवेंट में आने वाले मेहमानों को डोनबास के बच्चों की पेंटिंग देखने का मौका मिले। बच्चों की भावनाओं को प्रदर्शित करती इस मार्मिक पेटिंग्स ने कला की एकीकृत ताकत और उसकी भौगोलिक सीमाओं को पारकर दिल में उतर जाने की क्षमता की याद दिलाई।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 285 रिंगिट की तेजी के साथ 3680 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.22 सेंट की गिरावट लेकर 52.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 74 रुपये और मूंगफली तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12308 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10200 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा।

सप्ताहांत पर चना 50 रुपये और दाल चना 50 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि मसूर दाल 100 रुपये और उड़द दाल 400 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई।

सप्ताहांत पर चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7650-7550, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। साप्ताहांत पर चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## शार्ट न्यूज

### गढ़वाल ने फंटियर को 8-0 से रौंदा, हॉप्स और सिटी का मुकाबला रहा ड्रा

नयी दिल्ली । डीएसए महिला प्रीमियर लीग में गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने रविवार को फ्रंटियर को 8-0 से रौंद कर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। वहीं हॉप्स एफसी बनाम सिटी एफसी का मुकाबला ड्रा रहा। आज यहां नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए मुकाबले में गढ़वाल के लिए नॉर्गम और खर्शींग के दो-दो शानदार गोल किये। वहीं फ्रैगरेंसी, किपगेन, दीपिका और सनफ़िदा ने एक एक गोल दागकर जीत के अंतर को 8-0 कर दिया। जीवंती प्लेयर ऑफ द मैच रही। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में गत विजेता हॉप्स एफसी को सिटी एफसी ने 1-1 ड्रा पर रोक दिया। जिसके परिणाम स्वरूप दोनों टीमों में बराबर अंक बांटे गये। हॉप्स की ओर से शर्मिला ने जबकि सिटी के लिए रूमा ने गोल किया। फिसड्डीयो में शामिल सिटी से हॉप्स का ड्रा पर खेलना अविश्वनीय नतीजा जरूर है लेकिन हॉप्स की दूसरे दर्जे की टीम ने जैसे तैसे हार बचा ली। आज के नतीजे से साफ है कि हॉप्स खिताब बचाने के लिए गंभीर नहीं है जबकि गढ़वाल कोई मौका नहीं चूकना चाहती।

### भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम की निगाह विश्व कप ट्राफी पर

नई दिल्ली। हाल ही में महिला जूनियर एशिया कप को जीत कर उत्साह से लबरेज भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम की नजर अगले महीने होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप पर है। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से दस दिसंबर के बीच खेला जायेगा जिसके लिये भारतीय टीम इन दिनो जम कर पसीना बहा रही है। महिला जूनियर विश्व कप में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत को जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है। नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान चिली पूल ए में हैं, जबकि अर्जेंटीना, कोरिया, स्पेन और जिम्बाब्वे को पूल बी में रखा गया है। पूल डी में इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड और जापान शामिल हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेगी जबकि 30 नवंबर को उसकी भिड़ंत जर्मनी से और दो दिसंबर को बेल्जियम से होगी। इसी साल जून में जापान के काकामिघारा में संपन्न महिला जूनियर एशिया कप 2023 में भारतीय टीम ने सभी छह मैचों में जीत हासिल कर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया था।

### बिहार की लड़कियां मौका मिलने पर कर सकती हैं कमाल: विजयसिंघे

पणजी। बिहार की महिला रग्बी टीम के कोच दुलानजना विजयसिंघें का कहना है कि बिहार की लड़कियों को अगर सही मार्गदर्शन मिले तो वो कमाल कर सकती हैं। गोवा में जारी 37 वें राष्ट्रीय खेलों में शिरकत करने आयी बिहार रग्बी टीम के श्रीलंकाई कोच ने कहा कि बिहार की लड़कियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और उनमें कुछ कर गुजरने का जज्बा है, जरूरत उनको सही मार्गदर्शन की है जो वह देने के लिये तैयार हैं। बिहार रग्बी महिला टीम ने गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई, जहां उसे एक करीबी मुकाबले में ओडिशा के हाथों 7-12 से हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बिहार की पुरुष टीम पांचवे और छठे स्थान के लिए हुए प्लेऑफ में हार गयी। बिहार की पुरुष रग्बी टीम ने पहली बार नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई किया था। श्रीलंका में 14 क्लब सीजन और एशियाई सीरीज में खेल चुके दुलांजन ने बताया कि वह पहली बार भारत में किसी स्टेट टीम के कोच बने हैं और वह इससे काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, पहली बार मैं भारत में किसी स्टेट टीम को कोचिंग दे रहा हूं।

### कोलंबिया में फुटबॉल खिलाड़ी लुइस डियाज के माता-पिता का अपहरण

बोगोटा । लिवरपूल फुटबॉल क्लब के मिडफील्डर लुइस डियाज के माता-पिता का मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों कोलंबिया में अपहरण कर लिया गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने बताया कि पुलिस ने बैरनकास शहर में डियाज की मां सिलेनिस मारुलांडा को बचा लिया गया लेकिन उनके पिता लापता हैं। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, बैरनकास में एक घेराबंदी अभियान में लुइस डियाज की मां को बचा लिया गया है, हम उनके पिता की तलाश जारी रखेंगे। इस बीच, देश के पुलिस निदेशक जनरल विलियम सलामांका ने कहा कि वह डियाज के पिता की तलाश के लिए प्रत्येक एजेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 26 वर्षीय कोलम्बियाई अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी के माता-पिता का कथित तौर पर उस समय अपहरण कर लिया गया जब वे अपने घर जा रहे थे। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि वे एक ट्रक पर सवार होकर एक पेट्रोल स्टेशन पर उस समय मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने उनका अपहरण किया। कोलंबिया के फुटबॉल महासंघ ने अपहरण खेदजनक बताते हुये अधिकारियों से खिलाड़ी के पिता को बचाने का आग्रह किया है।

### श्रीलंका को बल्ले और गेंद से करना होगा बेहतर प्रदर्शन

पुणे। आईसीसी विश्व कप 2023 के सोमवार को होने वाले 30वें मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए हर स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की आवश्यकता होगी, वहीं अफगानिस्तान उसकी मजबूत बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी का फायदा मिल सकता है। मौजूदा विश्व कप में दोनों टीमों की स्थिति एक समान है और दोनों टीमों ने 5-5 मैच खेले हैं तथा 2-2 मुकाबलों में जीते हैं। एकदिवसीय विश्व कप में अब तक दोनों टीमों की दो बार भिड़त हुई हैं और दोनों बार श्रीलंका को जीत मिली है। अफगानिस्तान की गेंदबाजी तो बेहतर है उसकी बल्लेबाजी में भी इस विश्वकप में बड़ा परिवर्तन देखा गया है। उसके सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान और अनुभवी रहमत शाह की बेहतर लय से टीम को फायदा हुआ है। वहीं गेंदबाजी में युवा प्रतिभा नूर अहमद का भी बेहतर प्रदर्शन देखा गया है। अगर देखा जाए तो श्रीलंका की खराब बल्लेबाजी उसका कमजोर पक्ष है, तो प्रमुख गेंदबाजों से चोटिल होने से भी टीम को बड़ा नुकसान हुआ है। उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा, कप्तान कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, सदीरा समाराविक्रमा को संघर्ष करना पड़ रहा है। अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज की वापसी से टीम काफी मजबूत मिल सकती है। अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज ने पिछले 10 एकदिवसीय मुकाबलों में 403 रन बनाए हैं।

### कोहली बना सकते है एकदिवसीय क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक



लखनऊ। मौजूदा आईसीसी विश्वकप में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की फार्म को देखते हुए ऐसे कयास लगाये जा रहे कि वह इस एकदिवसीय चैम्पियनशिप में शतकों का अर्धशतक पूरा कर सकते है। विराट अगर आज के मुकाबले में शतक लगाते है तो वह सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के महान रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे और 50 एकदिवसीय शतकों के अभूतपूर्व मील के पत्थर से एक कदम दूर रह जायेंगे। विराट ने इस चैम्पियनशिप के पांच मुकाबलों में 354 रन बनाये है जिनमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल है। क्रिकेट प्रशंसकों को विरोट कोहली के ऐतिहासिक 50वें एकदिवसीय शतक की इस अद्वितीय उपलब्धि का बेसब्री से इंतजार हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को हरा कर लगाया जीत का छक्का

लखनऊ । भारत ने मौजूदा विश्व कप में अपने पहले पांच मैच लक्ष्य का पीछा करते हुये जीत कर मजबूत बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया था जबकि शनिवार को लखनऊ में गेंदबाजों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुये सामान्य से दिखने वाले लक्ष्य का बखूबी बचाव कर गत विजेता इंग्लैंड को 100 रन के विशाल अंतर से शिकस्त झेलने पर मजबूर कर दिया।

इस मुकाबले के बाद भारत का सेमीफाइनल का टिकट लगभग पक्का हो गया है जबकि गत विजेता इंग्लैंड अंतिम चार की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये नौ विकेट पर 229 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 34.5 ओवर के खेल में 129 रन बना कर ढेर हो गयी।

इकाना स्टेडियम की लाल मिट्टी की पिच पर भारत के स्कोर को देखते हुये लग रहा था कि इंग्लैंड इस मैच में वापसी कर लेगा मगर मोहम्मद शमी (22 रन पर चार विकेट) और जसप्रीत बुमराह (32 रन पर तीन विकेट) ने अपनी सनसनाती गेंदबाजी से इंग्लैंड के खेमे में सनसनी फैला दिया जबकि बची खुची कसर कुलदीप यादव (24 रन पर दो विकेट) और रविंद्र जडेजा (16 रन पर एक विकेट) ने अपनी फिरकी से पूरी कर दी।

निचले क्रम के लियम लिविंगस्टन (27) इंग्लैंड की ओर से सर्वाधिक योगदान देने वाले बल्लेबाज थे। अंग्रेज बल्लेबाजी की जान जो रूट और ब्रेन स्टोक्स तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। इंग्लैंड की आधी टीम 52 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी।

इससे पहले रोहित शर्मा (87)




और केएल राहुल (39) के बीच 91 रनों की साझीदारी के बाद सूर्य कुमार यादव (49) की साहसिक पारी की मदद से भारत ने 229 रन का स्कोर खड़ा किया था। शुभमन गिल (9),विराट कोहली (0) और श्रेयस अय्यर (4) के सस्ते मे आउट होने के बाद संकट में आयी भारतीय पारी को हिट मैन रोहित और धीर गंभीर के एल राहुल की जोड़ी ने संभाला। बाद में सूर्य कुमार यादव ने अपने चिर परिचित अंदाज में अंग्रेज बल्लेबाजों की धुलायी की जिसकी बदौलत भारत मेहमान इंग्लैंड को 230 रन का लक्ष्य देने में सफल रहा।

विश्व कप में यह पहला मौका है जब विराट शून्य के स्कोर पर आउट हुये हैं। गिल और श्रेयस को क्रिस वोक्स ने अपना शिकार बनाया जबकि विराट डेविड विली की गेंद पर कैच आउट हुये। सस्ते में तीन विकेट खोकर सकते में आयी भारतीय पारी को रोहित शर्मा ने संवारा जिसमें उन्हे केएल राहुल का भरपूर सहयोग मिला।


दोनो बल्लेबाजों ने टीम के स्कोर को 131 रनों तक पहुंचा कर मुकाबले को संतुलित कर दिया था मगर इस बीच राहुल विली की गेंद को उड़ाने के प्रयास में मिड आन पर खड़े ब्रेस्टो के हाथों लपके गये। अब तक एक छोर पर संयम का परिचय दे रहे रोहित शर्मा का आत्मविश्वास लड़खड़ाया और वह पारी के 37वें ओवर में आदिल रशीद की गेंद को हिट करने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर खड़े लिविंगस्टोन को कैच दे बैठे। विश्व कप में अपने दूसरे शतक से चूके रोहित ने अपनी अर्धशतकीय पारी में दस चौके और तीन छक्के लगाये।

रोहित के आउट होने के बाद क्रीज पर आये रविन्द्र जडेजा (8) भी आज टीम के लिये कुछ खास नहीं कर सके। वह आदिल रशीद की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

सात विकेट 187 पर उखड़ने के बाद भारतीय पारी की उम्मीदें विस्फोटक सूर्य कुमार यादव पर टिक गयी थी जिन्होने अपनी 49 रन की उपयोगी पारी से लक्ष्य को चुनौतीपूर्ण बनाने की भरपूर कोशिश की। विली की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के प्रयास में वह डीप प्वाइंट पर लपके गये। मो शमी (1) और जसप्रीत बुमराह (16) पर आउट हुये।

## यूपी की भारोत्तोलक पूर्णिमा पांडेय ने जीता दूसरा स्वर्ण पदक

पणजी। पदक जीतने का जुनून किसी भी खिलाड़ी को दर्द से बाहर निकलने में मदद कर सकता है। ऐसी ही एक कहानी, गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भाग ले रहीं उत्तर प्रदेश की पूर्णिमा पांडेय की है, जिन्होंने 87+ किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बना डाला। पांडेय ने रविवार को यहां कम्पाल गेम्स विलेज में कुल 222 किग्रा (स्नैच में 100 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा) का भारवर्ग उठाकर राष्ट्रीय खेलों में अपना लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की भारोत्तोलक ने अपने तीसरे प्रयास में स्नैच में 105 किग्रा के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास किया, लेकिन वह अपना



संतुलन खो बैठी और उनका टखना चोटिल हो गया। पूर्णिमा काफी समय से कलाई की चोट से भी जूझ रही हैं और उन्हें सर्जरी की जरूरत पड़ेगी। इसके बावजूद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 129 किग्रा वजन उठाकर एक और रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया। लेकिन यह हो नहीं पाया। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने खुद को अधिक वजन उठाने के लिए क्यों प्रेरित किया जबकि उन्हें पता था कि वह स्वर्ण पदक जीत लेंगी और इससे उन्हें चोट भी लग सकती है।

### राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र की रोलबॉल टीम गोवा रवाना

मुंबई। राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार को महाराष्ट्र की रोलबॉल टीम गोवा रवाना हो गई। आज यहां बालेवाड़ी स्टेडियम में महाराष्ट्र रोलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप खारदेकर ने गोवा में चल रही राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में राज्य टीम की सफलता की कामना करते हुए कहा कि रोलबॉल की टीम लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतेगी। खारदेकर ने दोनों टीमों के लिए आयोजित विदाई समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 21 साल के लंबे इंतजार के बाद इस खेल को राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शामिल करने पर वह खुश है। आज प्रशिक्षण शिविर के समापन पर दोनों टीमों को प्रतियोगिता की जर्सी उपहार में दी गई।

## स्ट्राइकर्स महिला ने ब्रिस्बेन हीट महिला को 59 रनों से हराया

एडिलेड । वूमेंस बिग बैश लीग में रविवार को ब्रिजेट पैटरसन की 70 रनों की पारी तथा मेगन शूट और अमैंडा-जेड वेलिंग्टन की तीन-तीन विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत एडिलेड स्ट्राइकर्स महिला ने ब्रिस्बेन हीट महिला को 59 रनों से हरा दिया है। स्ट्राइकर्स महिला ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रिजेट पैटरसन 53 गेंदों में 70 रनों की पारी तथा मैडेलिन पेन्ना के नाबाद 29 गेंदों में 36, और कप्तान तालिया मैक्ग्रा के 20 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 148 का स्कोर खड़ा किया था। पैटरसन को जॉनसन ने पगबाधा आउट




किया। सलामी बल्लेबाज केटी मैक दो रन, लॉरा वुलफ़ार्ट आठ रन को हैनकॉक ने आउट किया। तालिया मैक्ग्रा को जॉनसन ने आउट किया। ब्रिस्बेन हीट महिला की ओर से हैनकॉक और जानसन दो-दो विकेट लिये।

149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्रिस्बेन हीट महिला की पूरी टीम को स्ट्राइकर्स महिला ने संभल कर खेलने का प्रयास किया। कप्तान जेस जॉनसन ने टीम की ओर से सर्वाधिक 22 रन बनाये। ग्रेस हैरिस, जॉर्जिया वॉल और चार्ली नॉट ने 15-15 रनों की पारी खेली। मिकायला हिंकली ने 11 रन बनाये। शेष कोई भी खिलाड़ी दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका। स्ट्राइकर्स महिला के गेंदबाजों ने ब्रिस्बेन टीम महिला के किसी भी बल्लेबाज को पिच पर टिकने नहीं दिया और पूरी टीम 16 ओवर में 89 रनों पर ढ़ेर कर दिया।

# श्रीलंका में दो दिन रिसर्च करेगा चीन का जासूसी जहाज

**श्रीलंकाई नौसेना ने मंजूरी दी, भारत को आपत्ति; शिप को चीनी सेना ऑपरेट करती है**

हिंद महासागर में चीन का दखल बढ़ता जा रहा है। इससे भारत की चिंता बढ़ रही है। दरअसल, चीन का शी यान-6 श्रीलंका में 25 अक्टूबर से डेरा डाले हुए है। श्रीलंकाई नौसेना ने इसे मरीन रिसर्च करने की परमिशन दी है। चीन का ये जहाज कल से यानी 30 अक्टूबर से रिसर्च शुरू करेगा। उसकी मरीन रिसर्च दो दिन चलेगी।

कोलंबो पोर्ट पर लंगर डाले इस चीनी जहाज से भारत को जासूसी का खतरा है। चीन ने नई दिल्ली में सितंबर में हुई जी 20 बैठक के बाद अपने सर्वे शिप के लिए मंजूरी मांगी थी। जिसके बाद श्रीलंका की नौसेना ने रक्षा और विदेश मंत्रालय को सिफारिश भेज दी थी।



पिछले साल चीन का युआन वांग-5 रिसर्च के नाम पर श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था। इसका भारत ने विरोध किया था। बावजूद इसके अब एक साल बाद चीन ने रिसर्च के नाम पर अपना एक और एडवांस शिप श्रीलंका भेजा है।

चीन भले ही कहता हो कि इन शिप का इस्तेमाल वो रिसर्च के लिए करता है लेकिन इनमें पावरफुल मिलिट्री सर्विलांस सिस्टम होते हैं। श्रीलंकाई बंदरगाह पर पहुंचने वाले चीनी जहाजों की जद में आंध्रप्रदेश, केरल और तमिलनाडु के कई समुद्री तट आ जाते हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि चीन ने भारत के मुख्य नौसैना बेस और परमाणु संयंत्रों की जासूसी के लिए इस जहाज को श्रीलंका भेजा है। चीन के जासूसी जहाजों में हाई-टेक ईव्सड्रॉपिंग इक्विपमेंट (छिपकर सुनने वाले उपकरण) लगे हैं। यानी श्रीलंका के पोर्ट पर खड़े होकर यह भारत के अंदरूनी हिस्सों तक की जानकारी जुटा सकता है।

साथ ही पूर्वी तट पर स्थित भारतीय नौसैनिक अड्डे इस शिप की जासूसी के रेंज में होंगे। चांदीपुर में इसरो के लॉन्चिंग केंद्र की भी इससे जासूसी हो सकती है। इतना ही नहीं देश की अग्नि जैसी मिसाइलों की सारी सूचना जैसे कि परफॉर्मेंस और रेंज के बारे में यह जानकारी चुरा सकता है।

एक महीने से ज्यादा समय से भारत इस जासूसी जहाज पर कड़ी नजर रख रहा है। यह 23 सितंबर को मलक्का जलडमरूमध्य से हिंद महासागर में पहुंचा। 10 सितंबर को अपने होमपोर्ट गुआंगजौ से निकलने के बाद इसे 14 सितंबर को सिंगापुर में देखा गया था।

## शेख हसीना के खिलाफ सड़कों पर 1 लाख लोग

**बांग्लादेश में 13 गाड़ियां, 1 पुलिस पोस्ट फूंका; चीफ जस्टिस के घर पर भी हमला**

बांग्लादेश में शनिवार को विपक्ष की रैली के बीच हिंसा फैल गई। इसके बाद विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनल पार्टी के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हुई, जिसमें 1 पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। इस हिंसा में करीब 100 लोग घायल हुए हैं।

दरअसल, बांग्लादेश में अगले साल जनवरी में चुनाव होने हैं। ऐसे में बीएनपी मांग कर रही है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए पीएम शेख हसीना इस्तीफा दें और एक केयरटेकर सरकार का गठन हो।

### बांग्लादेश में 45 महीनों का सबसे बड़ा प्रदर्शन

बांग्लादेश मीडिया द डेली स्टार के मुताबिक, ये पिछले 45 महीनों का सबसे बड़ा प्रदर्शन रहा। शनिवार को विपक्षी दलों के प्रदर्शन के दौरान जमकर उपद्रव हुआ। इस दौरान देश के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन के घर



पर भी हमला हुआ। सुरक्षाबलों की उपद्रवियों को काबू करने की कोशिश के दौरान ककरैल चौराहे, सुप्रीम कोर्ट क्षेत्र और मुख्य न्यायाधीश के आवास के सामने झड़पें हुईं।

पुलिस के मुताबिक मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी और सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के 1 लाख से ज्यादा समर्थकों ने शनिवार को ढाका में रैली की। बीएनपी रविवार को देशभर में हड़ताल कर रही है। दरअसल, विपक्ष की रैली के बीच सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग ने बैतुल मुकर्रम में शांति रैली निकाल रही थी।

### रैली के बीच कैसे फैली हिंसा

हिंसा की शुरुआत तब हुई जब आवामी लीग ने कुछ कार्यकर्ता 2 पिकअप वैन में बैठकर अपनी रैली के लिए जा रहे थे। इन्हें बीएनपी कार्यकर्ताओं ने रोक लिया और पिकअप वैन्स में तोड़फोड़ की। इसके बाद पुलिस ने एक बीएनपी वर्कर को गिरफ्तार किया। धीरे-धीरे घटनास्थल पर दूसरे बीएनपी कार्यकर्ता पहुंचे और पुलिस के साथ झड़प हो गई।

### पुतिन ने तुर्किए गणराज्य के सौ साल पूरे होने पर बधाई दी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को अपने तुर्किए समकक्ष रेसेप तैयप एर्दोगन को तुर्किए गणराज्य की 100वीं वर्षगांठ पर बधाई दी और वैश्विक मंच पर देश को मिले सम्मान की सराहना की। रूसी नेता ने नियमित आधार पर कार्यान्वित प्रमुख संयुक्त परियोजनाओं के साथ कई क्षेत्रों में दोनों देशों के उपयोगी सहयोग की भी प्रशंसा की। पुतिन ने कहा, मॉस्को और अंकारा क्षेत्रीय और वैश्विक एजेंडे पर महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए अपने प्रयासों का सफलतापूर्वक समन्वय करते हैं। मुझे विश्वास है कि हम अपने मित्र राष्ट्रों के लाभ के लिए द्विपक्षीय संबंधों के दायरे का लगातार विस्तार करना जारी रखेंगे, जिसका लक्ष्य अधिक न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक निर्माण करना है। यह वर्ष तुर्क-पश्चात गणराज्य के रूप में तुर्किए की स्थापना के सौ साल पूरे होने का प्रतीक है।

### फिलिस्तीन समर्थक रैलियों में हजारों लोग शामिल

लंदन। इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में फिलिस्तीनियों के प्रति समर्थन दिखाने के लिए यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया के कई शहरों में शनिवार को लाखों प्रदर्शनकारियों ने रैलियां निकाली। यह जानकारी डॉन ने रविवार को दी। सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक का आयोजन लंदन में किया गया और आकाशीय वीडियो से पता चलता है कि बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी ब्रिटेन की राजधानी में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सरकार से संघर्ष को रोकने की मांग की। अमेरिकी रुख से सहमति व्यक्त करते हुए, सुनक सरकार ने संघर्ष विराम का आह्वान करना बंद कर दिया है और इसके बदले गाजा तक सहायता पहुंचाने की अनुमति देने की वकालत की है। ब्रिटेन ने इजरायल में 07 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद अपनी रक्षा करने के इजरायल के अधिकारों का समर्थन किया है। इजरायल पर हमास के हमलों पर पश्चिमी देशों की सरकारों और कई नागरिकों में इजरायल के लिए मजबूत समर्थन और सहानुभूति दिख रही है, लेकिन इजरायल की जवाबी कार्रवाई ने विशेष रूप से अरब और अन्य मुस्लिम देशों को क्रोधित कर दिया है। मलेशिया के कुआलालम्पुर में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ ने नारेबाजी की। तुर्की के इस्तांबुल में एक विशाल रैली में लाखों लोग शामिल हुए।

### टीवी कॉमेडी सीरियल फ्रेंड्स के अभिनेता मैथ्यू पैरी का निधन

वाशिंगटन। अमेरिकी अभिनेता मैथ्यू पैरी का शनिवार को निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। पैरी ने 90 के दशक में प्रसिद्ध टीवी सीरियल फ्रेंड्स में चैंडलर बिंग का अविस्मरणीय किरदार निभाया था। अमेरिकी मीडिया ने रविवार को कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से कहा कि अभिनेता लॉस एंजिलिस में अपने घर में मृत पाए गए। फ्रेंड्स, जो कि न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले छह युवा दोस्तों की कहानी है, 1994 से 2004 तक प्रसारित हुई। इसके अंतिम एपिसोड को अमेरिका में 5.25 करोड़ लोगों ने देखा, जिससे यह 2000 के दशक में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टीवी एपिसोड बन गया। लॉस एंजेलिस टाइम्स और टीएमजेड ने सबसे पहले पैरी के निधन की खबर दी और उन्होंने कहा कि अभिनेता अपने घर के हॉट टब में मृत पाए गए। लंबे समय तक चलने वाले शो फ्रेंड्स के निर्माता वार्नर ब्रदर्स ने पैरी को हम सभी के लिए एक सच्चा उपहार बताया। पैरी का जन्म 1969 में मैसाचुसेट्स में हुआ और उनका पालन-पोषण कनाडा के ओटावा में हुआ, जहां उन्होंने जस्टिन ट्रूडो के साथ प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई की, जो वर्तमान में कनाडा के प्रधानमंत्री हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, मैथ्यू पैरी का निधन चौंकाने वाला और दुखद है।

### गाजा में हो रही तबाही पर चेतावनी दी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में हो रही तबाही के प्रति चेतावनी देते हुए कहा है सबकी आंखों के सामन एक मानवीय आपदा हो रही है। शनिवार रात हुई भारी बमबारी ने गाजा को तबाह कर दिया और इसे बाहरी दुनिया से लगभग अलग-थलग कर दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गाजा में तत्काल, दीर्घकालिक और सतत मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करते हुए 14 के मुकाबले 120 मतों से एक प्रस्ताव पारित किया लेकिन लड़ाई रोकने के लिए इस भारी समर्थन के बावजूद भी गाजा की स्थिति पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा और इजरायली सैन्य कार्रवाई एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने एक ट्वीट में चेतावनी देते हुए कहा, गाजा पूरी तरह से ब्लैकआउट और अलगाव की स्थिति में है। इस बीच भारी गोलाबारी जारी है। गाजा में स्थिति बहुत हताश करने वाली है, जहां लोग बिजली, भोजन, पानी के बिना रह रहे हैं। बच्चों सहित बहुत सारे नागरिक मारे गए हैं जो कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव में शुक्रवार को गाजा में मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करने के अलावा यह आशा भी व्यक्त की गयी कि इससे शत्रुता समाप्त हो जाएगी।लेकिन एकमात्र शक्ति जो ऐसा कर सकती है, उसने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
सोमवार 30 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सुरेश कुमार खन्ना ने अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम का किया लोकार्पण

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शाहजहांपुर में राज्य सेक्टर योजना के अन्तर्गत निर्मित भारत रत्न प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह (ऑडिटोरियम) का रविवार को फीता काट कर लोकार्पण किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लोकार्पण के उपरान्त सभी जनपदवसियों को नव निर्मित ऑडिटोरियम मिलने पर बधाई दी। खन्ना ने कहा इस ऑडिटोरियम में भी नाटक, संगोष्ठियां, सांस्कृतिक, समाजिक एवं शासकीय, अद्धशासकीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिये उपयोग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस ऑडिटोरियम के निर्माण में विभिन्न प्रकार बाधाएं आई, अनाधिकृत अतिक्रमण इत्यादि को हटाये जाने में करीब डेढ़ साल का समय लगा। इसी कारण इसे बनने में चार वर्षो का समय लगा। ऑडिटोरियम का संचालन एक समिति द्वारा किया जायेगा, जिससे इसका संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। कई दशकों से विभिन्न सांस्कृतिक, समाजिक एवं शासकीय कार्यक्रमों, हेतु गांधी भवन प्रेक्षागृह का उपयोग किया जाता रहा है। बनाये गये इस ऑडिटोरियम में भी नाटक, संगोष्ठियां, सांस्कृतिक, समाजिक एवं शासकीय, अद्धशासकीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिये उपयोग किया जा सकेगा।

### राज्यपाल ने लिया यू-टर्न, सभी विधेयकों की जांच करने का किया फैसला

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने रविवार को उस समय यू-टर्न ले लिया जब उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में कहा कि वह पंजाब के विधानसभा सत्र में पारित सभी विधेयकों की जांच करेंगे। इससे पहले राज्यपाल ने मान-सरकार द्वारा बुलाए गए सत्र को 'अवैध करार' दिया था। आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यपाल के ताजा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पहले ही विधानसभा में कह चुके हैं कि राज्य सरकार द्वारा बुलाए गए सत्र को लेकर राज्यपाल द्वारा दी गई चुनौतियां उच्चतम न्यायालय में एक मिनट भी नहीं टिकेंगी। मान ने 20 अक्टूबर को विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान कहा था कि सरकार राज्यपाल के पत्र को 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी और 29 अक्टूबर को राज्यपाल ने यह यू-टर्न ले लिया और कहा कि वह सभी विधेयकों की जांच करेंगे। आप ने कहा कि यह पत्र इस बात का सबूत है कि राज्यपाल सिर्फ एक सत्र की कार्यवाही और पंजाब में आप सरकार के कार्यों में बाधा डालना चाहते थे। पंजाब सरकार ने इस मामले में कोर्ट में याचिका दायर की थी और फिर राज्यपाल ने पहले ही यू-टर्न ले लिया। आप पंजाब ने कहा कि विधानसभा सत्र में बाधा पैदा करना और सरकार को लोगों के कल्याण के लिए काम नहीं करने देना राज्य के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

### राजनीति मेरे लिए सेवा का साधन: शिवराज

सीहोर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर हमला करते हुए कहा कि राजनीति उनके ( कमलनाथ) लिए रोजगार का साधन हो सकती है, लेकिन मेरे लिए यह सेवा का साधन है। चौहान ने सीहोर जिले के बुधनी के रेहटी नगर, सतनारा, भैरूंदा नगर और गोपालपुर में रोड शो कर जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के लिए राजनीति रोजगार का साधन हो सकती है, लेकिन भाजपा के लिए ये सेवा का साधन है, हम सेवा के लिए राजनीति करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस के जमाने में बुधनी को सौतेली नज़रों से देखा गया। कांग्रेस ने कभी यहां विकास के नाम का एक पत्थर तक नहीं लगाया था। काकर्दा, बोगदा, बरखेड़ा होते हुए रतनपुर से जाजनामट्ठा गाँव का रोड एक जमाना था जब उसे काला पानी कहा जाता था। इतनी धूल जमती थी लोग कहते थे ये तो काला पानी है। सवा साल में भी एक भी काम नहीं हुआ, लेकिन अब आपका आशिर्वाद मिल रहा है। सड़कों का जाल पूरे क्षेत्र में बिछा है।

# अब धारा प्रवाह अंग्रेजी भी बोलेंगे सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थी

**सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समाज कल्याण विभाग की पहल**

लखनऊ। हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने एक और बड़ी पहल की है। प्रदेश में स्थित कुल 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकें, इसके लिए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समाज कल्याण विभाग की ओर से कोशिश शुरू हो चुकी है। अशोक फैलो लीप फॉरवर्ड संस्था की ओर से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम %अंग्रेजी साक्षरता प्रोग्राम% आयोजित किया गया। तीन दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चला। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 10 तक अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षकों में अंग्रेजी विषय की समझ विकसित की जा रही है। इसके साथ ही अंग्रेजी भाषा को सरलता से समझने और बोलने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### सीखकर छात्र-छात्राओं को पढ़ाएंगे अंग्रेजी का पाठ

कक्षा 6 से 10 तक छात्र-छात्राओं की अंग्रेजी की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। दरअसल, सर्वोदय विद्यालय में ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। उनको धारा प्रवाह अंग्रेजी सिखाने के लिए कार्यक्रम हो रहा है। ऐसे में समाज कल्याण विभाग की कोशिश है कि शिक्षकों को अंग्रेजी में दक्ष किया जा सके, जिससे वे अंग्रेजी पढ़ने और बोलने में न तो रुकें और न ही हिचकिचाएं, बल्कि धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकें। वहीं छात्र-छात्राओं को भी अंग्रेजी में बोलने और सीखने का पाठ पढ़ाएंगे ताकि क्षेत्रीय भाषा पढ़ने वाले छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने और रोजगार पाने में कोई कठिनाई न हो।

### 270 मिनट का प्रोग्राम

तीन दिनों तक चलने वाला यह ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम 270 मिनट का है। यानी एक दिन में 90 मिनट तक प्रशिक्षण दिया गया। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों ने कितना सीखा, इस बात की पुष्टि के लिए फीडबैक टेस्ट लिया गया। इसमें जो शिक्षक पास होंगे, उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा। शिक्षकों का फीडबैक टेस्ट को सफलतापूर्वक पास करना अनिवार्य होगा। टेस्ट पास न करने वाले शिक्षक को दोबारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रक्रिया तब तक चलेगी, जब तक शिक्षक अंग्रेजी में दक्ष न हो जाएं।

### 158 शिक्षकों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कक्षा 6 से 10 तक के अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। अब तक कुल 158 शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। मंत्री, समाज कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सर्वोदय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के अंग्रेजी के स्तर को और उन्नत करने के लिए अंग्रेजी साक्षरता प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम से अंग्रेजी के शिक्षकों में इंम्प्रूवमेंट होगा। इसके लिए अशोक फैलो लीप फॉरवर्ड संस्था के आभारी हैं। इससे छात्रों को बहुत लाभ मिलेगा।

### 57 जिलों में 94 सर्वोदय विद्यालय

प्रदेश के 57 जिलों में कुल 94 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कक्षा 6 से कक्षा 12 तक संचालित हैं, जिसमें 65 बालक विद्यालय और 29 बालिका विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 43 विद्यालय सीबीएसई (ष्टक्चस्श्व) और 51 विद्यालय यूपी बोर्ड से सम्बद्ध हैं। इन विद्यालयों में ग्रामीण परिवेश से बच्चे पढ़ाई के लिए आते हैं। ऐसे में उनको धारा प्रवाह अंग्रेजी सीखाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे बच्चे बेहिचक अंग्रेज़ी बोल सकें।

# खादी की बिक्री बढ़ने पर प्रधानमंत्री की प्रसन्नता




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खादी की रिकॉर्ड बिक्री पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आज कहा कि इसका लाभ शहर से लेकर गांव तक अलग अलग वर्गो तक पहुंचता है।

मोदी ने आकाशवाणी पर 'मन की बात कार्यक्रम' में कहा कि इस महीने की शुरुआत में गांधी जयन्ती के अवसर पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई। यहाँ कनॉट प्लेस में, एक ही खादी स्टोर में, एक ही दिन में, डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा का सामान लोगों ने खरीदा। इस महीने चल रहे खादी महोत्सव ने एक बार फिर बिक्री के अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आपको एक और बात जानकार भी बहुत अच्छा लगेगा, दस साल पहले देश में जहां खादी प्रोडक्ट्स की बिक्री बड़ी मुश्किल से 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम की थी, अब ये बढ़कर सवा लाख करोड़ रूपए के आसपास पहुँच रही है।

उन्होंने कहा कि खादी की बिक्री बढ़ने का मतलब है इसका फायदा शहर से लेकर गाँव तक में अलग-अलग वर्गों तक पहुंचता है।इस बिक्री का लाभ हमारे बुनकर, हस्तशिल्प के कारीगर, हमारे किसान, आयुर्वेदिक पौधे लगाने वाले कुटीर उद्योग सबको लाभ मिल रहा है, और, यही तो, 'वोकल फॉर लोकल' अभियान की ताकत है और धीरे-धीरे आप सब देशवासियों का समर्थन भी बढ़ता जा रहा है।

मोदी ने पर्यटन की चर्चा करते हुए कहा कि जब भी आप पर्यटन पर जाएं, तीर्थाटन पर जाएं, तो वहां के स्थानीय कलाकारों के द्वारा बनाए गए उत्पादों को जरुर खरीदें। अपनी उस यात्रा के कुल बजट में स्थानीय उत्पादों की खरीदी को एक महत्त्वपूर्ण प्राथमिकता के रूप में जरुर रखें। आपका बजट दस प्रतिशत हो या 20 हो, लोकल पर जरुर खर्च करिएगा और वहीँ पर खर्च कीजिएगा। उन्होंने कहा , हर बार की तरह, इस बार भी, हमारे त्योहारों में, हमारी प्राथमिकता हो 'वोकल फॉर लोकल'। हम मिलकर उस सपने को पूरा करें, हमारा सपना है 'आत्मनिर्भर भारत'। इस बार ऐसे प्रोडक्ट से ही घर को रोशन करें जिसमें मेरे किसी देशवासी के पसीने की महक हो, मेरे देश के किसी युवा का टैलेंट हो, उसके बनने में मेरे देशवासियों को रोज़गार मिला हो, रोज़मर्रा की जिन्दगी की कोई भी आवश्यकता हो – हम लोकल ही लेंगे। लेकिन, आपको, एक और बात पर गौर करना होगा। 'वोकल फॉर लोकल' की ये भावना सिर्फ त्योहारों की खरीदारी तक के लिए ही सीमित नहीं है और कहीं तो मैंने देखा है, दीवाली का दीया लेते हैं और फिर सोशल मीडिया पर डालते हैं 'वोकल फॉर लोकल' नहीं जी, वो तो शुरुआत है।हमें बहुत आगे बढना है, जीवन की हर आवश्यकता –हमारे देश में, अब, सब कुछ उपलब्ध है। ये विजन केवल छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी से सामान लेने तक सीमित नहीं है। आज भारत, दुनिया का बड़ा उत्पादक हब बन रहा है। कई बड़े ब्रांड यहीं पर अपने प्रोडक्ट को तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन प्रोडक्ट को अपनाते हैं, तो, मैक इन इंडिया को बढ़ावा मिलता है, और, ये भी, 'लोकल के लिए वोकल' ही होना होता है, और हाँ, ऐसे प्रोडक्ट को खरीदते समय हमारे देश की शान यू पी आई डिजिटल पेमेंट सिस्टम से पेमेंट करने के आग्रही बनें ।

मोदी ने भारतीयों द्वारा बनाए गए उत्पादों से अपनी दीवाली रौशन करने का आग्रह करते हुए कहा कि अपने परिवार की हर छोटी-मोटी आवश्यकता लोकल से पूरी करेंगे तो दीवाली की जगमगाहट और ज़्यादा बढ़ेगी ही बढ़ेगी । उन कारीगरों की ज़िंदगी में, एक, नयी दीवाली आयेगी, जीवन की एक सुबह आयेगी, उनका जीवन शानदार बनेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाइए, मैक इन इंडिया' ही चुनते जाइए, जिससे आपके साथ-साथ और भी करोड़ों देशवासियों की दीवाली शानदार बने, जानदार बने, रौशन बने, दिलचस्प बने।

# केरल में धार्मिक स्थल पर विस्फोट निंदनीय : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को केरल में धार्मिक स्थल पर हुए विस्फोट को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि इस घटना की त्वरित और निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा तथा तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने इन विस्फ़ोटों को केरल की विविधता को तोड़ने की साजिश बताया और कहा कि यह निंदनीय कृत्य है और जिन्होंने भी यह साजिश रची है उनका पर्दाफाश करने के लिए मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

वाड्रा ने कहा केरल में एक प्रार्थना सभा के दौरान हुआ धमाका अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। सभ्य समाज में हिंसा और खून-खराबे की कोई जगह नहीं हो सकती। ऐसी कायराना हरकतों के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

सरकार से अपील है कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

वेणुगोपाल ने कहा, कांग्रेस पार्टी आज केरल के एर्नाकुलम में हुए विस्फोटों की निंदा करती है। हम केरल और उसकी विविधता में एकता की परंपरा के खिलाफ रची जा रही साजिश का पर्दाफाश करने के लिए निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग करते हैं। इन ताकतों द्वारा केरल के वातावरण को विषाक्त नहीं किया जाएगा और न ही किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी केरल के लोगों से अपील करती है कि वे एक साथ आएं और इन जहरीले तत्वों को हराएं।

इससे पहले थरूर ने कहा, केरल में एक नियमित धार्मिक सभा में बम से हमले की खबर से स्तब्ध और क्षुब्ध हूं। मैं इस घटना की घोर निंदा करता हूं और त्वरित पुलिस कार्रवाई की मांग करता हूं।

अपने राज्य को हत्या और विनाश की मानसिकता का शिकार होते देखना दुखद है। मैं सभी धर्मों के नेताओं से इस तरह की बर्बरता की निंदा करने और अनुयायियों को ऐसी घटनाओं के विरुद्ध एकजुट होने की सीख देने का उनसे आग्रह करता हूं। हिंसा से और ज्यादा हिंसा भड़कने के अलावा कुछ और हासिल नहीं होता है।

# बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षक श्रीराम को राज्य स्तर पर किया गया सम्मानित

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। लखनऊ में रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कालेज में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में विकास खण्ड रेहरा बाजार के कम्पोजिट विद्यालय सहजौरा के स्टेट अवॉर्डी शिक्षक श्रीराम को लखनऊ में भगवती सिंह सहायक शिक्षा निदेशक माध्यमिक,विवेक नोटियाल उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं वर्तमान प्राचार्य डायट लखनऊ अजय कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022-23 में अपने विद्यालय के बच्चों को खुद के विशेष प्रयास से 5 से अधिक छात्रों का चयन कराकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।विकास खण्ड रेहरा बाजार के कंपोजिट विद्यालय सहजौरा में वर्ष 2022-23 सत्र के दौरान शिक्षक श्रीराम के विशेष प्रयास से 6 बच्चों को सफलता मिली ।राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में कई बार जिला स्तर पर बच्चों का चयन, ।श्रीराम को राज्य अध्यापक पुरस्कार 2021 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदेश के टॉप टेन शिक्षकों में चयनित कर सम्मानित किया गया है।

इसी तरह रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियन डीह के प्रधानाध्यापक बंशीलाल ,पचपेड़वा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआ कला से राजेस्वरप्रसाद, उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरपुर कला के विजयकुमार उतरौला के उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़या पकड़ी से रतनदीप श्रीवास्तव, को भी राजधानी में आयोजित विशेष कार्यशाला/शिक्षक सम्मान समारोह में इन शिक्षकों को रविवार को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के जिला नोडल बृजेश कुमार द्विवेदी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कोइलिहा को जनपद स्तर पर अध्यापकों एवं छात्रों के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए अलग से भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इन सभी शिक्षकों के इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर कल्पना देवी, वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रवण कुमार,निरंकार पाण्डेय जिला समन्वयक,मोहित देव जिला समन्वयक, एन के सिंह जिला समन्वयक खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार,खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार, आशुतोष मिश्र, रामबहादुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि के लिए बधाई दी ।

# हमीरपुर : पांच वर्षों में 31 फीसदी गांवों में नही बने एक भी आयुष्मान कार्ड

**एजेंसी**

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहतआयुष्मान कार्ड पांच साल में केवल पचास फीसदी बन पाये है,स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य विभाग कोई ध्यान नही दे रहे है जिस पर जिलाधिकारी ने आठ विभागों से जवाब तलब किया है। यहां 31 फीसदी गांवों में अभी तक एक भी कार्ड नही बना है।

स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओं एवं आयुष्मान योजना के कोआर्डिनेटर डॉ.संजय कुमार ने रविवार को बताया कि जिले में 5,30,957 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ था जिसमे काफी माथा पच्ची करने के बाद 2,53,842 आयुष्मान कार्ड बन पाये है जो लक्ष्य का पचास फीसदी है जब कि शासन ने इस कार्य के लिये आशा,आशा संगिनी, आंगनवाड़ी, कोटेदार,पंयायत सहायक,रोजगार सेवकों को जिम्मेदारी दी गयी है मगर विभागीय कर्मी इस कार्य में कोई सहयोग नही कर रहे है।

स्वास्थ्य विभाग में भी कर्मियों की फौज है जिसमे अलग से संविदा कर्मियों को नियुक्त किया गया। कैम्प लगाने के निर्देश दिये गये है, यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे पीछे है। 31 फीसदी गांव ऐसे हैं जिसमे एक भी कार्ड नही बने है जोचिंता का विषय बनी हुई है। हालाकि योजना को आगे बढ़ाने के लिये शासन ने अब परिवार में छह यूनिट व छह से अधिक यूनिट होने पर भी कार्ड बनाने केआदेश कर दिये है इसके बाद भी योजना में बढ़ोत्तरी नही हो पा रही है।

# पीआईटी परीक्षा में दो सॉल्वर गिरफ्तार

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में पीईटी परीक्षा में फर्जी पहचान के आधार पर परीक्षा देते पकड़े गए दो प्रश्न पत्र सॉल्वरों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपियों से पुलिस कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह ने बताया कि रायबरेली में आज आयोजित उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में दूसरे परीक्षार्थियों के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़े गए 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहाँ नगर कोतवाली क्षेत्र में आयोजित एक परीक्षा केंद्र में जौनपुर के रहने वाले जितेंद्र यादव को फर्जी पहचान के साथ परीक्षा देते पकड़ा गया है। यह आरोपी जौनपुर के निवासी अभिषेक यादव के स्थान पर परीक्षा दे रहा था।

# भ्रष्ट मानसिकता के अधिकारी व कर्मचारी द्वारा व्यक्तिगत लाभ के लिए योगी सरकार पर लगा रहे प्रश्न चिन्ह

**मुख्यमंत्री को नोटरी के माध्यम से अधिवक्ता ने जांच एंव कार्यवाही की मांग किया**

**(गौरवशाली भारत)**

बलरामपुर। भ्रष्टाचार मुक्त योगी सरकार के तमाम दावों पर कुछ भ्रष्ट मानसिकता के अधिकारी व कर्मचारी अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए न सिर्फ़ जहां प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं वहीं अपनी रिश्वतखोरी के द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मोदी सरकार के दावों को भी खोखला साबित कर केंद्र और प्रदेश की सरकारों को बदनाम कर रहे हैं। भ्रष्ट कार्यशैली वाले इन दबंग अधिकारियों व कर्मचारियों के हौसले इस लिए भी बुलंद हैं कि पीड़ितों के द्वारा इनके अनैतिक,असंवैधानिक कृत्यों की तमाम शिकायतों को जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है यह कहना भी गलत न होगा कि मनबढ़ किस्म के यह भरष्ट अधिकारी व कर्मचारी न सिर्फ़ जहां अपने विरुद्ध की गई शिकायतों को धनबल और असर व रसूख से फाइलों में दबवा कर कार्यवाही से बच जाते है वहीं शिकायत कर्ता पीड़ितों का भी उत्पीड़न करते है जिसके कारण पीड़ित इनके भ्रष्टाचार के विरुद्ध विरोध तक दर्ज कराने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं।

सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार और भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी के अनैतिक कार्यों का खुलासा अधिवक्ता के द्वारा शपथ पत्र देकर की गई शिकायत से हुआ है। अधिवक्ता आनंद उपाध्याय पुत्र शारदा प्रसाद उपाध्याय निवासी ग्राम सोनार जनपद बलरामपुर ने एक शपथ पत्र देकर ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बलरामपुर यशवंत मौर्या और लिपिक सुशील कुमार पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। आनंद उपाध्याय एडवोकेट ने अपने शपथ पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में कार्यरत ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जनपद बलरामपुर यशवंत मौर्या द्वारा संबंधित विभाग,शासन,प्रशासन से छल कपट,कूटरचना कर,विभाग से तथ्यों का गोपन कर तथा उच्चाधिकारियों को भ्रमित कर विभागीय स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त किये जाने के नित्य नये प्रयास किए जा रहे हैं। भ्रष्ट मानसिकता वाले डीएमओ यशवंत मौर्या तथा पटल सहायक सुशील कुमार जो कि एक दबंग किस्म के भ्रष्टाचारी लिपिक के रूप में हमेशा ही विवादों में रहते है जिसके विरुद्ध भ्रष्टाचार की विभिन्न शिकायतें आज भी ठंडे बस्ते में धूल फांक रही हैं के साथ मिल कर सांठ गांठ करके,सुनियोजित ढंग से,कूटरचित षड़यंत्रों के आधार भ्रष्टाचारी कुछ मदरसा प्रबंधकों के साथ मिलीभगत करके मदरसा शिक्षकों का हर स्तर पर असंवैधानिक ढंग से अहित करते हुए उन्हें डरा धमका कर रिश्वत के रूप में ना सिर्फ़ मोटी रकम वसूल करते हैं बल्कि उनका मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न भी करते हैं।

अपने शपथ पत्र में अधिवक्ता आनंद उपाध्याय ने डीएमओ यशवंत मौर्या और लिपिक सुशील कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों ही अधिकारी व कर्मचारी ने जनपद में अपने कुछ चुनिंदा पेशेवर शिकायतकर्ताओं का एक गिरोह बना रक्खा है,भ्रष्ट मानसिकता के कुछ मदरसा प्रबंधकों के साथ मिलीभगत कर इन कथित शिकायत कर्ताओं से पहले अनुदानित मदरसा के शिक्षकों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध कूटरचित शिकायत कराई जाती है और फिर कथित शिकायत पर पहले विभाग के यह दोनों अधिकारी कर्मचारी अभिलेख की जांच के नाम पर पीड़ितों को विभाग के चक्कर लगवा कर उन्हें डरा धमका कर उनका उत्पीड़न करते हैं जब पीड़ित डर जाता है तब उससे धन उगाही की जाती है।

शपथ पत्र में शिकायत कर्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यशवंत मौर्या और सुशील कुमार अपने चहीते रिश्वत खोर कुछ मदरसा प्रबंधकों से मिलीभगत करके कथित शिकायतों को आधार बनाकर कर मदरसा शिक्षकों और कर्मचारियों को कार्यवाही का डर दिखा के जबरन उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने पर विवश कर दिया जाता है। यही नहीं मदरसा शिक्षकों के वेतन भुक्तान करने के नाम पर भी 5त्न की रिश्वत वसूल की जाती है। अगर कोई मदरसा रिश्वत नहीं देता है तब फिर विभागीय स्तर पर वेतन भुक्तान में विलंब कर रुकावट पैदा कर उन्हें प्रताड़ित करके अवैध धन उगाही की जाती है और विवश होकर पीड़ित रिश्वत देकर वेतन भुक्तान कराते हैं।

अधिवक्ता आनंद उपाध्याय के आरोपों के अनुसार डीएमओ यशवंत मौर्या और संबंधित विभाग का सहायक लिपिक सुशील कुमार कथित शिकायतों के आधार पर योगी सरकार और जिलाधिकारी का भय दिखा कर पीड़ितों से धन उगाही का खेल खेला जाता है।

यशवंत मौर्या अपने निज निवास पर रात्रि 7: 00 बजे के क़रीब पीड़ितों को बुलाते हैं और लिपिक सुशील कुमार की मौजूदगी में उनसे कहा जाता है कि यह प्रदेश में योगी सरकार है और जानते हो तुम मदरसा शिक्षकों को फर्जी प्रकरण में जेल भेजवा कर मदरसे में ताला लगवा दिया जाएगा और मुझे भी सरकार से शाबाशी मिलेगी प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि किसी भी तरह मदरसों को बंद किया जाए मगर हम तुम्हारे हमदर्द हैं जो थोड़ा बहुत पैसा तुम लोग देते हो उसमें से विधायक, मंत्री, डीएम,रजिस्ट्रार को भी हिस्से के रूप में रिश्वत की मोटी रकम हमलोगों को देनी पड़ती है। यही नहीं मोटी रकम लेकर यह रिश्वत खोर अधिकारी कर्मचारी पीड़ितों से कथित शिकायत पर समझौते के नाम पर भी मोटी रकम वसूल कर ली जाती है।

शपथ पत्र के अनुसार मदरसा अहले सुन्नत फजले रहमानिया पचपेड़वा तीन अध्यापकों की फर्जी नियुक्ति का खेल खेला गया। विभाग के अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत से कथित अध्यापकों के बिना संस्था को सेवा एंव योगदान के ही रजिस्ट्रार उ0 प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदन करा लिया गया एवं अनुमोदन प्राप्ति के करीब 04 महीने बाद योगदान ग्रहण कराया गया। जिसके साक्ष्य स्वरूप मदरसे के सीसीटीवी फुटेज एवं प्रधानाचार्य द्वारा जिलाधिकारी व कोषाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र विभाग में कथित जांच की फाइलों में आज भी धूल फांक रहे हैं। इसी तरह मदरसा दारुल उलूम सरकार-ए-आसी सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर में हुये फर्जी नियुक्तियों में ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्या तथा लिपिक सुशील कुमार शिकायतों के बावजूद धन लाभ लेकर फर्जी निस्तारण कर दिया।

यही नहीं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य एवं पटल सहायक सुशील कुमार के हौसले इतने बुलंद हैं कि संबंधित विभाग की ईमेल आईडी पर भेजी गई शिकायत तक को मोटी रकम रिश्वत के रूप में लेकर डिलीट कर दिया गया जिससे शासन स्तर पर इन भ्रष्टाचारियों की पैठ का भी अंदाज़ा लगाया जा सकता है इससे यह साफ़ होता है कि ज़िला और प्रदेश स्तर पर भ्रष्टाचार की जड़ें फैली हुई हैं। (शासन के आदेश सं0 1834/52-3-2023 दिनांक 25/09/2023 जो कि शासन द्वारा ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जनपद बलरामपुर के e-mail पर भेजा गया) इसके अतरिक्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य तथा लिपिक सुशील कुमार ने रिश्वत के रूप में मोटी रकम लेकर नियम विरुद्ध तरीके से मदरसा अहले सुन्नत फखरुल उलूम जनपद बलरामपुर में 12(5) की व्यवस्था लागू कर दी गई जबकि सोसाइटी अधिनियम के अनुसार डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स द्वारा धारा 25(2) में स्पष्ट आदेश के बाद ही किसी प्रबन्ध समिति को अवैध कहा जा सकता है या प्रबन्ध समिति के विवादित होने का प्रमाण दिया जा सकता है। आरोप यह भी है कि इन भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी ने मदरसा माफिया के रूप में कुख्यात निलम्बित मदरसा प्रिंसिपल अब्दुल वहाब खां से रिश्वत के रूप में 3 लाख रुपए लेकर,प्रबंध समिति के संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हुए असंवैधानिक ढंग से जबरन चार्ज दिला दिया गया जबकि प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है तथा मदरसा नियमावली 2016 के अनुसार प्रबंध समिति के द्वारा की गई संवैधानिक कार्यवाही नियुक्ति,निलंबन तथा निस्कासन आदि में DMWO को किसी तरह के दखल देने का अधिकार नहीं है। मदरसा फैजुल उलूम पिपरी बनघुसरी व मदरसा कासिमुल उलूम गुलरिहा में प्रधानाचार्यो से मिलकर मोटी रकम लेकर 12(5) की व्यवस्था भी लागू करते हुए प्रबंध समिति के अधिकारों का हनन किया गया।

शपथ पत्र में लगाए गए आरोपों के अनुसार ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्या और पटल सहायक सुशील कुमार के भ्रष्टाचार के आतंक से लोग भयभीत हैं।

पूरे भ्रष्टाचार के खेल में सुशील कुमार को ही मास्टर माइंड बताया जा रहा है अब देखने वाली बात यह है कि इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध योगी सरकार क्या कार्यवाही करती है या यह शिकायती शपथ पत्र भी जांच के नाम पर विभागों की फाइलों में दबा दिया जाएगा और मदरसा शिक्षक व कर्मचारी उत्पीड़न के साथ ही जीवन व्यतीत करने पर विवश रहेंगे।

CMYK CMYK CMYK CMYK